'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'
# समाचार गेट
City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
News app · Online E-Paper · News Portal · Youtube · Facebook · Instagram · Twitter · Tumbler · Reddit
वर्ष 1, अंक 01 पेज 8 वीरवार 29 फरवरी, 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## सभी जिलों में सहकारी समितियों में अनियमितताओं की जांच के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो के अंतर्गत होगा स्पेशल टास्क फोर्स का गठन : मुख्यमंत्री



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सभी जिलों में बनी हुई सहकारी समितियों में अनियमितताओं की जांच के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के अंतर्गत स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। यह टास्क फोर्स वर्ष 1992 से लेकर आज तक बनी सहकारी समितियों में अनियमितताओं की जांच करेगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि इन समितियों को अभी तक 328 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिसमें से 259 करोड़ रुपये का उपयोग दिखाया गया है, शेष पैसा बैंकों में ही पड़ा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने समितियों का ऑडिट करवाया था और ऑडिट में जब कमियां पाई गई तो सरकार ने स्वत: संज्ञान लेकर यह मामला जांच के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो को सौंपा। एसीबी ने इस मामले में 9 एफआईआर दर्ज की हैं और 4 जिलों में समितियों की जांच में 8.80 करोड़ रुपये की अनियमितता मिली है। संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पैसे की रिकवरी के लिए विभिन्न अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रापॅर्टी भी अटैच की गई है। अनु कौशिश, एआरसीएस, का मोहाली में एक घर, एक फ्लैट, 29 कनाल 5 मरला भूमि और बैंक अकाउंट को अटैच किया गया है। इसी प्रकार, राम कुमार पूर्व आरसीएस का कुरुक्षेत्र में आवासीय प्लॉट और बैंक अकाउंट, योगेंद्र अग्रवाल का मोहाली में फ्लैट और बैंक अकाउंट, सुमित अग्रवाल और उनकी पत्नी का बैंक अकाउंट व फ्लैट, नितिन शर्मा का जीरकपुर में फ्लैट व बैंक अकाउंट को अटैच किया गया है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी अभी सस्पेंड किए गए हैं, यदि वे जांच में दोषी पाये गए तो उन्हें भी बर्खास्त करेंगे।

## हरियाणा भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर श्योराण ने की जिला अध्यक्षों की घोषणा

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी से चर्चा के बाद किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्द्र श्योराण ने नियुक्त किए सभी जिलों के अध्यक्ष



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव को नजदीक देखकर भाजपा अपने सभी मोर्चों में भी सभी नियुक्ति जल्दी से जल्दी करने लगी है। इसी के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्द्र श्योराण ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से चर्चा के बाद सभी 22 जिलों के जिला अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। इस बाबत किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। भाजपा हरियाणा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्द्र श्योराण ने प्रेम सिंह राणा को पंचकूला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी तरह से जसविन्द्र बक्तुआ को अंबाला, विक्रम हड़तान को यमुनानगर, विनय संधु को करनाल, सुरेंद्र आर्य को सोनीपत, महाबीर दहिया को पानीपत, राजकुमार सुनारिया को रोहतक, अमित अहलावत को झज्जर तथा प्रदीप गुर्जर को गुरुग्राम जिला का किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

राजू ठाकूर को फरीदाबाद, रमेश मानुवास को नूंह, यशपाल मवाई को पलवल, अशोक कोसलिया को रेवाड़ी, पवन खैरवाल को महेंद्रगढ़, विकास श्योराण (चेयरमैन भल्लेराम) को चरखी दादरी, सुन्दरपाल तंवर को भिवानी, कुलदीप डेलू को हिसार, भीम लाम्बा को फतेहाबाद, प्रिंस बिश्नोई को सिरसा, दिनेश यादव को जींद, जगदीप सांगवान को कुरूक्षेत्र और संजय सैनी को कैथल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्द्र श्योराण ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है और सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का काम दिया गया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि मोर्चा के सभी जिला अध्यक्ष निश्चित ही भाजपा की होने वाली ऐतिहासिक जीत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## हरियाणा में देश की सबसे बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी : डिप्टी सीएम

### हरियाणा से गुजरते है 11 एक्सप्रेसवे और 35 नेशनल हाईवे : दुष्यंत चौटाला



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा की रोड नेटवर्क के मामले में देश में सबसे बेहतरीन कनेक्टिविटी है, राज्य से 11 एक्सप्रेसवे और 35 नेशनल हाईवे गुजरते हैं। डिप्टी सीएम बुधवार को यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा महेंद्रगढ़ जिला में सड़क से संबंधित उठाए गए मुद्दे पर जवाब दे रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हरियाणा आबादी के मामले में बेशक दो फीसदी है लेकिन प्रदेश सरकार का प्रयास है कि राज्य में रोड़ नेटवर्क बेहतर बनाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिलहाल लगभग एक दर्जन एक्सप्रेसवे और तीन दर्जन नेशनल हाईवे हैं, इसके बावजूद हम इनकी संख्या बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने महेंद्रगढ़ जिला की रोड कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार रेवाड़ी बाईपास, रेवाड़ी-नारनौल, रेवाड़ी-दिल्ली-गुरुग्राम, पटौदी और पटौदी से रेवाड़ी के बीच रोड कनेक्टिविटी बढ़ाने पर तेजी से काम कर रही है। इसके अलावा 152-डी एक्सप्रेसवे से महेंद्रगढ़ जिला की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि केंद्र सरकार ने एक अन्य मंजूरी दी है जिसके तहत हिसार से महेंद्रगढ़, महेंद्रगढ़-रेवाड़ी और रेवाड़ी से तावडू के बीच भविष्य में सड़क कनेक्टिविटी और अधिक बेहतर की जाएगी। डिप्टी सीएम ने सदन के सदस्य को कहा कि मानेसर से महेंद्रगढ़ वाया गुराबड़ा-कनीना तक एक्सप्रेसवे के निर्माण करने से संबंधित अगर उनके पास कोई 10 - 15 साल पहले का प्रस्ताव है तो वे उनको सौंप दें, भविष्य में इस सुझाव पर विचार किया जाएगा।

## साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं रुक्मिणी: कृष्णचंद्र शास्त्री

### श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव में सुनाई गई श्री कृष्ण रुक्मिणी मंगल कथा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वें आठ दिवसीय श्री श्याम बसंत महोत्सव के छठे दिन बुधवार को वृंदावन से श्री कृष्णचन्द्र शास्त्री जी ने महारास के साथ कंस वध पर प्रवचन किए। उन्होंने श्री कृष्ण रुक्मिणी मंगल की कथा भी सुनाई।

श्री कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। वह दिखने में बहुत ही सुंदर, बुद्धिमान और स्वभाव की सरल कन्या थीं। राजा भीष्मक के दरबार में जो कोई आता, वह भगवान श्रीकृष्ण के साहस और बुद्धिमता की तारीफ करता। रुक्मिणी बचपन से कई लोगों के मुख से कृष्ण की तारीफ सुनती आ रही थीं। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं। वह मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं। उधर श्री कृष्ण भी जानते थे कि रुक्मिणी में कई गुण है। लेकिन रूकिमणी का भाई रूक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। श्री कृष्ण जी ने रुक्मी को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी से विवाह किया।

मंडल के प्रचार मंत्री राकेश शर्मा ने बताया कि संस्था के प्रधान राजकुमार कौशिक के नेतृत्व में संस्था के सभी पदाधिकारी और प्रदीप मोदी, बीएल अग्रवाल, ललित शर्मा, दिनेश मंगला, रणबीर भारद्वाज, विजय अग्रवाल, सुभाष रोहिल्ला, नवनीत बंसल, सुकन पाल नागर, सरोज गर्ग, संगीता गुप्ता, कैलाश यादव आदि सभी कार्यकारिणी सदस्य दिन रात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेवा में लगे हुए हैं।

प्रचार मंत्री ने बताया कि आठ दिवसीय इस महोत्सव के सातवें दिन गुरुवार 29 फरवरी को सुदामा चरित्र की कथा, नवयोगेश्वर संवार, कलियुग के दोष-गुण, श्री शुकदेव जी गमन की कथा होगी।

एक मार्च शुक्रवार को अंतिम दिन हवन एवं भंडारा होगा। इसी के साथ इस वर्ष के महोत्सव का समापन होगा।

## भारतीय सेना में कैप्टन बनेंगे डॉ. मुकुल



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गांव नाथुपुर निवासी डॉ. मुकुल का चयन भारतीय सेना में कैप्टन पद पर हुआ है। सोमवार को कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने परीक्षा का परिणाम जारी किया है। इसके बाद ही किसान परिवार से संबंधित मुकुल के परिवार में खुशी की लहर है। मुकुल का कहना है कि अधिकारी पद पर उनके परिवार से यह पहला चयन है। उनके तीन भाई बहन हैं। इसमें मुकुल ने किसान वर्ग से इतर पेशे के रूप में कार्य करने का निर्णय लिया। मुकुल ने नीट परीक्षा पास कर मुरादाबाद के तीर्थांकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर से एमबीबीएस किया है। इसके बाद एसएससी के एमसी के लिए आवेदन कर साक्षात्कार उत्तीर्ण किया है। सोमवार को जारी परीक्षा परिणाम के बाद मुकुल को कॉल लेटर ई-मेल से प्राप्त हुआ है। वह मार्च माह में अपना पद ग्रहण करेंगे। मुकुल ने बताया कि उनके पिता सुरेंद्र यादव और मां कांता यादव बेहद खुश हैं। ताऊ-चाचा यादराम और साहबराम ने परिवार में मिठाई बांट कर बेटे की ज्वाइनिंग का जश्न मनाया। पूर्व सरपंच लीलू राम ने बताया कि गांव के युवक के सेना में चयनित होने के बाद उसका प्रशिक्षण पूरा होने के बाद गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## पुरानी पेन्शन बहाली को लेकर अनिश्चितकालीन हडताल का निर्णय

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जेएफआरओपीएस (एनजेसीए) की कोर कमेटी, जिसका गठन 7 फरवरी 2024 को आयोजित जेएफआरओपीएस की संचालन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार किया गया था, की मौजूदा स्थिति पर विचार करने के बाद 11.30 बजे एआईआरएफ कार्यालय, 4 स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली में बैठक हुई। एनपीएस के स्थान पर परिभाषित गारंटी वाली पुरानी पेंशन योजना की बहाली पर सरकार की गैर-प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, निर्णय लिया गया है कि सभी घटकों द्वारा सीधी कार्रवाई का सहारा लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। आज कोर कमेटी की बैठक में एआईआरएफ के महासचिव, जेएफआरओपीएस के संयोजक, श्री शिव गोपाल मिश्र, डॉ. एम. राघवैया, सह-संयोजक और महामंत्री एनएफआईआर, श्री अशोक सिंह, अध्यक्ष आईएनडीडब्ल्यूएफ, श्रीमती गीता पांडे, अध्यक्ष एआईपीटीएफ, श्री एन.डी.दिवेदी ने श्री हरि किशोर तिवारी की ओर से बैठक में भाग लिया। श्री एस.एन. पाठक, अध्यक्ष एआईडीईएफ, श्री रूपक सरकार, महासचिव परिसंघ ने टेलीफोन पर अपनी सहमति दे दी है इसलिए, सर्वसम्मति से 19 मार्च 2024 को प्रासंगिक नियमों के अनुसार अनिश्चितकालीन हड़ताल नोटिस देने और 1 मई 2024 यानी अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है इसलिए, सभी घटक संगठनों से अनुरोध है कि वे उचित कार्रवाई करें व अपने संबंधित प्रशासनों को हड़ताल नोटिस देने के लिए सभी प्रकार की तैयारी करें।

## डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि ऐसी शिकायते मिल रही हैं कि सोहना क्षेत्र में अरावली श्रृंखला के गैर मुमकिन पहाड़ क्षेत्र में कुछ लोग खेल से जुड़ी कॉमर्शियल गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सोहना के एसडीएम व जिला खनन विभाग के अधिकारी एक संयुक्त विजिट कर ऐसी गतिविधियों की निरन्तर मोनिटरिंग करते हुए उन पर प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। डीसी बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में डीसी ने जिला में अवैध खनन गतिविधियों से सख्ती से निपटने के लिए विशेष निगरानी टीमें गठित करने के निर्देश दिए हैं। ये विशेष टीमें जिला में विभिन्न सड़क मार्गों पर अवैध खनन गतिविधियों में शामिल वाहनों की निगरानी रखते हुए उन पर निर्धारित नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। डीसी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि खनन विभाग को जिला में जहां भी अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों की सूचना मिले उस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए अवैध खनन करने वालों पर एफआईआर दर्ज करें।

### डीसी ने अरावली श्रृंखला के गैर मुमकिन पहाड़ क्षेत्र में कॉमर्शियल गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के दिए निर्देश

**खनन विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष में अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त 49 वाहनों को किया सीज, लगाया 57 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना**

जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खनन विभाग ने जिला गुरूग्राम में वर्तमान वित्त वर्ष में अवैध खनन गतिविधियों में शामिल 49 वाहनों को सीज किया है। जिसमें से 11 वाहनों को रिलीज किया गया है व 38 वाहन सुपरदारी पर छोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरी अवधि में 57 लाख 27 हजार 200 का चालान कर 35 लोगों पर एफआईआर भी करवाई गई है। बैठक में आरटीए विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा जनवरी व फरवरी माह में ओवरलोड वाहनों पर 2 करोड़ 31 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैठक में सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट, मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान, गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव, सीटीएम कुंवर आदित्य विक्रम सहित खनन व आरटीए विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करें तुरंत कार्यवाही : सतबीर मान

## जिला में अवैध खनन को लेकर सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में हुई बैठक



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला परिषद् फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतबीर मान ने खनन एवं पुलिस विभाग के अधिकारीयों को जिला फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए अवैध स्थलों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा और माइनिंग के संबंध में कही भी गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। जिला परिषद् फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतबीर मान आज बुधवार को लघु सचिवालय सथित सीईओ कार्यालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा कर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सरकार की ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल के साथ सख्ती से कार्य करें। इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने खनन व पुलिस विभाग के अधिकारीयों को सभी अवैध खनन पर नियंत्रण करने के लिए उपायों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन वाले इलाकों में समीक्षा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थल का दौरा करें और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, नगराधीश अंकित कुमार, खनन अधिकारी निरंजन लाल, पुलिस तथा वन विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपसथित रहे।

# राजू उर्फ जैजू ठाकुर बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**समाचार गेट ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेता राजू ठाकुर उर्फ जैजू को भाजपा किसान मोर्चा फरीदाबाद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके यह नियुक्ति भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश स्तरीय नेताओं ने पार्टी के प्रति उनकी समर्पित भावना के तहत की है। अपनी नियुक्ति पर भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जैजू ठाकुर ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा किसान मोर्चा हरियाणा के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह माढी, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, नरेंद्र गुप्ता, राजेश नागर, सुखबीर मलेरना सहित तमाम भाजपा नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपीं है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और केंद्र व प्रदेश द्वारा किसानों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। गौरतलब है कि राजू ठाकुर (जैजू) केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के खासमखास माने जाते है और पिछले कई वर्षो से भाजपा में रहकर सक्रिय राजनीति कर रहे है। पार्टी के प्रति उनकी समर्पण भावना और स्वच्छ छवि के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनकी नियुक्ति पर उनके समर्थकों ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित भाजपा के शीर्ष व प्रदेशस्तरीय नेतृत्व का आभार जताया है।

# एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में की शिरकत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद में आज बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत सेक्टर 12 सथित कन्वेंशन हॉल में पोषण जागृति पखवाडा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर आनंद शर्मा ने शिरकत की।

कार्यक्रम में उपसथित लोगों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर आनंद शर्मा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद को वर्ष 2022-2023 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तर पर पोषण अवार्ड में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त हुआ था। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कई कार्यक्रमों में महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद ने समय-समय पर अपना सफल योगदान दिया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू श्योरान ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर पर अच्छा कार्य करने पर सभी 6 परियोजनाओं से 2-2 आंगनवाडी कार्यकर्त्ताओं को सम्मानित किया गया। पोषण ट्रैकर पर वजन व नाप भरने में महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, कार्यालय-बल्लभगढ़-ग्रामीण ने, गृह भ्रमण भरने में महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, एन.आई.टी-2 ने, लाभार्थियों को राशन बाँटने का डाटा भरने के लिए महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, कार्यालय-बल्लभगढ़-ग्रामीण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला स्तर पर लो कोस्ट रेसिपी कम्पटीशन भी आयोजित किया गया जिसमें बबिता, नीताषा एवं मीना तनेजा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में पोषण अभियान की महत्वता के विषय पर कलाकारों की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर मान सिंह ने भी आंगनवाडी कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद द्वारा आपसी तालमेल के साथ बेहतर कार्य किया जा रहा है।

महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, बल्लभगढ़-शहरी सुशीला सिंह एवं महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, एन.आई.टी-2 सुरेखा रानी ने मुख्य अतिथि को भेंट स्वरुप स्मृति चिह्न देकर कार्यक्रम में शिरकत करने पर उनका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सुपरवाइजर एवं आंगनवाडी कार्यकर्त्ताओं नें भाग लिया एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग के कर्मचारी भी उपसथित रहे।

# बिजली कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर किया गेट मीटिंग का आयोजन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीएचबीवीएन बल्लभगढ़ डिवीजन की सेक्टर-55 सथित सब डिवीजन में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन ने अपने बिजली कर्मचारियों की समस्याओं के मुद्दे पर बल्लभगढ़ से यूनिट के प्रधान मदन गोपाल शर्मा सहित यूनिट के सचिव सुरेन्दर शर्मा की अगुआई में कर्मचारियों की गेट मीटिंग करते हुए उनकी ग्रिवेन्स को सुना । जिसके बाद एसडीओ विनय सिकरवार से यूनियन का प्रतिनिधि मंडल सर्कल सचिव विनोद शर्मा के साथ मिला व कर्मचारियों की धरातलीय समस्याओं से अवगत कराया । उन्होंने बताया कि बिजली निगम की ओर से नया दफ्तर खुलने के बाद भी आज तक दफ्तर में स्टाफ सहित उपभोक्ताओं के बैठने के लिये टेबल, कुर्सी, मेज, फर्नीचर व टूल किट (टी एंड पी) आदि की भारी कमी है । आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए दफ्तर में पीने के पानी और वॉटर कूलर की कमी खलने को मिलेगी। बिजली कर्मचारियों की काफी समस्याओं में टेक्निकल कर्मियों के लिये कम्पलेण्ड सेन्टर के नही होने से काफी ज्यादा परेशानी आ रही है ।

मीटिंग के इस मौके पर मुकेश शर्मा, सुधीर कौशिक, महेन्दर, राजबीर हरफला, धीरसिंह, मुकेश धतीर, मनोहर फोरमैन, सोनू गोला, तेजबीर, कलेंदर, उमेश, सन्दीप, निहाल, मनोज, धीरज, राजू, अशोक, अमित, कृष्ण फोरमैन, जिले सिंह, योगेश आदि काफी संख्या में कर्मचारी नेताओं के साथ साथ बिजली कर्मचारी मौजूद रहे ।

# पुलिस कमिश्नर ने फरीदाबाद पुलिस के 7 सहायक उप निरीक्षक को बनाया उप निरीक्षक

**समाचार गेट ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस के 7 सहायक उप निरीक्षक पदोन्नत होकर उप निरीक्षक बने हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों को सितारा लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मी बहुत खुश थे और उन्होंने पुलिस आयुक्त का धन्यवाद किया। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिहं ने बताया कि पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों में सहायक उप निरीक्षक तालिम हुसैन, बच्चू सिंह, प्रीतम, नरेन्द्र , विक्रम सिंह, अनुप सिंह और महावीर का नाम शामिल है। पुलिस आयुक्त ने उक्त सभी पुलिसकर्मियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कड़ी तपस्या और मेहनत की बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के साथ-साथ उनकी जिम्मेवारियां भी बढ़ी है इसलिए अपने पद की गरिमा बनाए रखें तथा पुलिसकर्मी ओर ज्यादा मेहनत करते हुए ईमानदारी और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

# नशा के दुष्परिणाम, साइबर फ्रॉड और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में किया जागरुक

**समाचार गेट ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेंट्रल प्रभारी की टीम सेक्टर 15ए चौकी ने गांव अजरोंदा में रहने वाले लोगो को नशा के दुष्परिणाम, साइबर फ्रॉड और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक किया है। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं। चौकी प्रभारी ने महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक करते हुए बताया कि अगर कोई महिला घर या ऑफिस से निकलती है और कोई व्यक्ति उसका पीछा करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। महिला अपनी सुरक्षा के लिए डायल 112 एप डाउनलोड करें। अगर कोई व्यक्ति महिला का आई-जाते समय पीछा करता है तो तुरंत पुलिस को डायल 112 पर सूचना दें सूचना के 5-10 मिनट के अंदर पुलिस टीम आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी। पुलिस टीम के द्वारा बताया कि आरोपी पीडितो को लैप्स बीमा पॉलिसि का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर,कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर,यङ्घष्ट के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर,जाब दिलाने के नाम पर,अलील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर इत्यादी के नाम पर फ्रॉड करते हैं। बचाव में अगर किसी के पास कोई अज्ञात नम्बर से कॉल आती है तो उसको अपनी जैसे बैंक खाते,पैन, आधारकार्ड, की गोपनीय जानकारी ना दे। अगर किसी भी विभाग से कॉल आए तो पीडित को तुरंत सरकारी नम्बर से सम्पर्क कर जानकारी लेनी चाहिए। किसी भी विदेशी नम्बर से कॉल आए तो नजरअंदाज करे। व्हाट्सएप पर अनजान नम्बर से विडियो कॉल/कॉल आने पर नजरअंदाज करें। किसी की बहकावे में ना आए क्योकि यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने पर पैसे नही मिलते इस तरह के मेसेज भेजने वालो के नम्बर को ब्लैक लिस्ट में डाले और 1930 पर उनकी रिपोर्टिंग करें।

# चालान से बचने के लिए नही अपितु जान बचाने व सुरक्षित यात्रा के लिए पहने हलमेट : अमित यशवर्धन

## डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ, विदाउट हेलमेट वाहन चालकों को बांटे हेलमेट

**समाचार गेट ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार एवं डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस द्वारा आज सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत विदाउट हेलमेट वाहन चालकों को चेकिंग के दौरान हेलमेट बांटकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । सडक़ सुरक्षा अभियान के इस मौके पर महिला थाना प्रभारी एवं ट्रैफिक़ इंस्पेक्टर दर्पण सिंह एवं एस्कॉर्ट हॉस्पिटल की तरफ से डॉ. योगेन्द्र अवधिया (सुविधा निदेशक), डॉ. कमल वर्मा (निदेशक - न्यूरोसर्जरी),डॉ. अशोक धर (अतिरिक्त निदेशक - हड्डी रोग) के गणमान्य डॉक्टर मौके़ पर मौजूद रहे।

डीसीपी ट्रैफिक ने बताया की एस्कॉर्ट अस्पताल एवं ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त समन्वय से सडक़ दुर्घटनाओं को मध्यनजर रखते हुए इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत विदाउट हेलमेट वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए है तथा इसके साथ साथ उन्हें यातयात नियमों के बारे में अवगत कराते हुए भविष्य में बिना हेलमेट वाहन ना चलाने के बारे में सखत हिदायत दी गई है । सडक़ दुर्घटना के दौरान अक्सर देखा गया है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं पहनना मुख्य कारण पाया गया है। उन्होने वाहन चालको को समझाया कि हेलमेट चालान से बचने के लिए नही अपितु सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेंट पहने। दोपहिया वाहन चलाते समय चालक खराब गुणवत्ता का हेलमेट इस्तेमाल करते हैं और जो उन्हें अच्छी तरह से सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता इसलिए हेलमेट आईएसआई मार्क होना चाहिए। जो दुर्घटना के समय आपकी रक्षा करता है। पुलिस का मकस्द चालान काटकर लोगो धन की क्षति पहुंचाना नही है, चालान काटकर लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरुक करना है। विदाउट हेलमेंट का 1000/-रु का चालान है आज फरीदाबाद के लोगों में बदलाव के लिए हेलमेट बाटकर जागरुकता अभियान चलाया है। वाहन चालकों को निर्धारित लाईन में ही वाहन चलाना चाहिए। यातायात पुलिस का सदैव प्रयास रहता है कि वाहन चालकों को जागरूक करके सडक़ दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# लिंग्याज विद्यापीठ में छात्रों के लिए एक अनुभव यात्रा 124 पीएमश्री आयोजित



**समाचार गेट/जितेंद्र वत्स**

**फरीदाबाद।** लिंग्याज विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में जिले के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खंडावाली, फतेहपुर टग्गा और गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी 2 के कक्षा 10 से 12 के छात्रों के लिए एक अनुभव यात्रा का आयोजन हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान छात्रों ने यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में दिए गए उनके करियर के विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त की। वे विभिन्न शिक्षकों और विशेषज्ञों से मिलकर उनके सवालों के उत्तर भी प्राप्त किए। छात्रों ने यहां यूनिवर्सिटी के संकायों, कैंपस, और शैक्षिक सुविधाओं का भी भ्रमण किया। इस अनुभव यात्रा ने उन्हें अपने भविष्य के लिए उत्साहित किया और उनके शैक्षिक प्रयासों को समर्थन प्रदान किया। छात्रों ने यूनिवर्सिटी में डांस, संगीत और कविता गायन प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। जिसके लिए उन्हें पुरस्कार भी दिए गए। इस महत्वपूर्ण अनुभव के लिए स्कूल प्रशासन ने विश्वविद्यालय प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया और इस यात्रा में उनकी मार्गदर्शन और समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**सतत विकास की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति विषय सम्मेलन**

**उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता: प्रो. बी.एस. राजपूत**

**सम्मेलन में देश के 15 राज्यों तथा तीन देशों के प्रतिनिधि ले रहे है हिस्सा**

**दो दिवसीय सम्मेलन में 10 तकनीकी सत्र और चार पूर्ण सत्र आयोजित होंगे और 170 शोध पत्र प्रस्तुत किये जायेंगे**



**समाचार गेट/जितेंद्र वत्स**

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा सतत विकास की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति विषय पर आयोजित इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज के 30वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज हुआ। सम्मेलन में भारत और विदेशों से 200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के पूर्व कुलपति प्रो. बी.एस. राजपूत मुख्य अतिथि और एस.एन. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज, कोलकाता से प्रो. सुजीत के. बोस सम्मानित अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की तथा आईआईटी कानपुर के प्रो. पीयूष चंद्रा सत्र के मुख्य वक्त रहे। सम्मेलन का उद्घाटन अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप जलाकर किया गया, इसके बाद इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज (आईएपीएस) के अध्यक्ष प्रो एच.एस. धामी ने सम्मेलन के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। विश्वविद्यालय की निदेशक (आरएंडडी) प्रोफेसर मनीषा गर्ग, जो सम्मेलन की संयोजक भी हैं, ने प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा की गई शोध पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में हरियाणा, पंजाब राजस्थान, असम, मेघालय, मणिपुर, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, उत्तराखंड, चंडीगढ़, दिल्ली, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश सहित भारत के 15 राज्यों से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। इसके अलावा जापान, रूस और अमेरिका से भी प्रतिभागी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। आईएपीएस के कार्यकारी सदस्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज की गतिविधियों तथा अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों और फेलोशिप के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने अंत:विषय दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए सम्मेलन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह का सम्मेलन विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और समाज की भलाई के लिए विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करते है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रो. बी.एस. राजपूत ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भारतीय भौतिक विज्ञानी सीवी रमन के योगदान को याद किया और देश में अनुसंधान में क्रांति लाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की की पहल पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि देश में स्कूल स्तर से ही शोध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने सम्मेलन के विषय पर चर्चा की और कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संसाधन प्रबंधन जैसे उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. सुजीत के. बोस ने प्रौद्योगिकियों के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने अंत:विषय अनुसंधान के दायरे को लेकर भी चर्चा की। अपने मुख्य संबोधन में प्रो. पीयूष चंद्रा ने हार्वेस्टिंग के साथ पारिस्थितिक मॉडलिंग पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ वाईएमसीए एमओबी के अध्यक्ष सुखदेव सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सम्मेलन की कार्यवाही एवं सार पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन के संयोजक प्रो अतुल मिश्रा, अध्यक्ष, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और प्रोफेसर सोनिया बंसल, अध्यक्ष, भौतिकी विभाग ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान 10 तकनीकी सत्र और चार पूर्ण सत्र आयोजित होंगे, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों के लगभग 200 शोधकर्ताओं द्वारा 170 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सत्र के अंत में, प्रो. नीतू गुप्ता, डीन (विज्ञान और जीव विज्ञान) ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में आमजन की समस्याओं को तुरंत हल करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य



**कैबिनेट मंत्री के भाई टिपरचंद शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में की शिरकत**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई श्री टिपरचंद शर्मा ने बल्लबगढ विधानसभा के सेक्टर 3 और भगत सिंह कालोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिरकत की।

प्रदेश के परिवहन मंत्री के बड़े भाई श्री शर्मा ने बीपीएल परिवारों को उज्जवल योजना के तहत मुफ्त में कनेक्शन वितरण किया । इसके अलावा उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से आज शनिवार को इस कैंप में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं को तुरंत प्रभाव से हल करना ही केन्द्र और प्रदेश की सरकारों का मुख्य उद्देश्य है। वीटा बूथ पार्किंग के नजदीक 36 गज सेक्टर 3 में आज आयोजित कैंप में श्री टिपरचंद शर्मा ने कहा की सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंचे उसी को देखते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का यह रथ जा हर गांव हर शहर में जा रहा है, सेक्टर 3 पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ,इसके अलावा भगत सिंह कॉलोनी के वशिष्ठ फार्म पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ का स्वागत किया गया और कैंप में कॉलोनी वासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता कार्तिक वशिष्ठ, नवीन चेची ,पी एल शर्मा डॉ शिवानी,श्रीमती पोमा सहित सेक्टरवासी और कलोनीवासी मोजूद रहे।

# पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण जागृति पखवाड़ा सम्मान समारोह का आयोजन

## एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में की शिरकत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद में आज बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत सेक्टर 12 स्थित कन्वेंशन हॉल में पोषण जागृति पखवाड़ा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर आनंद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर आनंद शर्मा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद को वर्ष 2022-2023 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तर पर पोषण अवार्ड में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ था। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कई कार्यक्रमों में महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद ने समय-समय पर अपना सफल योगदान दिया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू श्योरान ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर पर अच्छा कार्य करने पर सभी 6 परियोजनाओं से 2-2 आंगनवाडी कार्यकर्त्ताओं को सम्मानित किया गया। पोषण ट्रैकर पर वजन व नाप भरने में महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, कार्यालय-बल्लभगढ़-ग्रामीण ने, गृह भ्रमण भरने में महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, एन.आई.टी-2 ने, लाभार्थियों को राशन बाँटने का डाटा भरने के लिए महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, कार्यालय-बल्लभगढ़-ग्रामीण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला स्तर पर लो कोस्ट रेसिपी कम्पटीशन भी आयोजित किया गया जिसमें बबिता, नीताषा एवं मीना तनेजा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में पोषण अभियान की महत्वता के विषय पर कलाकारों की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर मान सिंह ने भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद द्वारा आपसी तालमेल के साथ बेहतर कार्य किया जा रहा है। महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, बल्लभगढ़-शहरी सुशीला सिंह एवं महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, एन.आई.टी-2 सुरेखा रानी ने मुख्य अतिथि को भेंट स्वरुप स्मृति चिह्न देकर कार्यक्रम में शिरकत करने पर उनका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# लोकसभा आम चुनाव 2024 में लगाए गए विभिन्न कमेटियों के अधिकारियों की कार्यशाला आज कन्वेंशन में : जिलाधीश

**समाचार गेट ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** जिलाधीश कम डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिन अधिकारियों की आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 में ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन अधिकारियों के दायित्व के बेहतर क्रियान्वयन के लिए वीरवार को प्रात:10:30 बजे स्थानीय सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हॉल में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उनकी ड्यूटियों और उनके जिम्मेदारियों बारे उन्हें विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग दी जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग कार्यक्रम लोकसभा आम चुनाव- 2024 में जिला फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए लगाए गए नोडल अधिकारी, सुपरवाइजर ऑफिसर, मजिस्ट्रेट और एमसीएमसी कमेटी, मॉनिटरिंग कमेटी, चुनाव खर्च सहित जिन जिन अधिकारियों की जहां ड्यूटियां लगी है, वह अधिकारी एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेना सुनिश्चित करें।

# खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल इमरजेंसी के लिए होंगे पुख्ता इंतजाम : डीसी विक्रम सिंह

**कहा, मैराथॉन रेस समाप्ति के 3 घंटे बाद ही धावक मैराथॉन वेबसाइट से अपनी फोटो व सर्टिफिकेट कर सकेंगे डाउनलोड**

**फरीदाबाद हाफ मैराथन के लिए रूट मैप जारी**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मैराथॉन रेस खत्म होने के 3 घंटे बाद 21 और 10 किलोमीटर रेस के धावक मैराथॉन की वेबसाइट पर अपना चेस्ट नंबर डालकर या अपनी सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड करके अपनी फोटो प्राप्त कर सकते है और साथ ही रेस की टाइमिंग सर्टिफिकेट भी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। 5 किलोमीटर की फन रेस में भाग लेने वाले धावक रेस ख़तम होने के 3 घंटे बाद रेस में पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन को 21, 10 और 5 किलोमीटर तीन कैटेगरी में बांटा गया है। फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन की शुरुआत हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा झंडी दिखाकर की जाएगी साथ ही ओलंपियन बॉक्सर मैरी कॉम व मनु भाकर सहित कई अन्य नामी गिरामी खिलाड़ी व फिल्मी कलाकार इसमें शामिल होंगे। डीसी विक्रम सिंह ने सभी लोगों को प्रात: 5:00 तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए आग्रह किया। पहली मैराथॉन रेस 21 किलोमीटर प्रात: 6:00 बजे से दूसरी10 किलोमीटर रेस प्रात: 7:00 बजे से और 5 किलोमीटर की फन रेस 7:15 बजे से शुरू की जाएगी। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके लिए हर प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के लिए पुख्ता इंतजाम किये गए है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में 21 व 10 किलोमीटर रेस में भाग लेने वाले धावकों को सूरजकुंड मेला ग्राउंड में आयोजित फ़रीदाबाद हाफ मैराथन एक्सपो दिनांक - 1 मार्च 2024 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तथा 2 मार्च 2024 सुबह 10:00 बजे से शाम के 4:00 बजे तक अपनी टी शर्ट प्राप्त कर सकते है।

**यह है मैराथन का रूट चार्ट:**

डीसी विक्रम ने कहा कि मैराथन का शुभारंभ सूरजकुंड मेला ग्राउंड से शुरू होकर एनएचपीसी कॉलोनी, ग्रीन फील्ड, मानव रचना यूनिवर्सिटी, सिद्धदाता आश्रम, जिमखाना क्लब, बिधूड़ी चौक से सेक्टर-21 होते हुए एशियन हॉसपिटल से सामने से सेक्टर-21 डी मार्किट से बड़खल रोड से वापस जिमखाना क्लब होते हुए वापस सूरजकुंड मेला ग्राउंड पर जाकर समाप्त होगी।

**पार्किंग व्यवस्था:**

पार्किंग जोन वन 21 द्वद्व की दौड़ के भाग लेने वालों के लिए पार्किंग जोन 2, 10 द्वद्व की दौड़ में हिस्सा लेने वालो के लिए तथा पार्किंग जोन 3 केवल 5 द्वद्व की दौड़ में दौड़ने वाले रनर्स के लिए तय किया गया है। ताकि किसी को गाडी कड़ी करने में कोई समस्या ना आए।

# लोकसभा आम चुनाव में राजनीतिक अभियानों और रैलियों में नहीं कर सकेंगे बच्चों का उपयोग: डीसी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवारों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव संबंधी गतिविधियों में बच्चों का उपयोग नहीं कर सकेंगे। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विस्तृत जानकारी देते हुए आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों को हिदायतें व दिशा-निर्देश जारी करते हुए सलाह दी गई है, कि वे किसी भी रूप में चुनाव अभियानों में बच्चों का उपयोग न करें। बच्चों का उपयोग पोस्टर/पम्पलेट का वितरण या नारेबाजी, अभियान रैलियों, चुनाव बैठकों आदि में करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का उपयोग नहीं किया जा सकता। बच्चों से कविता, गीत, बोले गए शब्दों के माध्यम से उपयोग, राजनीतिक दल व उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन व किसी की उपलब्धियों को बढ़ावा देना गलत है। डीसी विक्रम सिंह ने स्पष्ट किया कि है कि किसी राजनीतिक नेता के निकट अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की उपस्थिति और जो राजनीतिक दल द्वारा किसी भी चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है, उसे दिशा-निर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) की कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी।

# बॉलीवुड कैम्प पर फूटा शाहिद कपूर का गुस्सा, बोले- बुली किया तो मैं भी परेशान करूंगा



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर चर्चा बटोर रहे शाहिद कपूर ने अब बॉलीवुड के कैम्प पर गुस्सा निकाला है। साथ ही हिदायत दी है कि अगर उन्हें बुली या परेशान किया गया तो वह भी पलटकर बुली करेंगे। शाहिद की इस वक्त तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के लिए तारीफ हो रही है। फिल्म बंपर कमाई कर रही है और इसमें शाहिद-कृति सेनन की जोड़ी भी पसंद की गई है। इसी बीच शाहिद ने बॉलीवुड में आउटसाइडर्स के प्रति बर्ताव और कैम्प पर बात की है। शाहिद ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर्स के साथ कैसा बर्ताव किया जाता है। साथ ही उन्होंने बॉलीवुड कैम्प पर निशाना साधा है।

**मेरे साथ काफी समय तक बुरा बर्ताव हुआ**

वह बोले, शायद मुझमें एक कैंप का हिस्सा बनने के गुण नहीं हैं। मैं दिल्ली से था। मैं मुंबई आया और मुझे मेरी क्लास में स्वीकार नहीं किया गया। मैं आउटसाइडर था क्योंकि मेरा लहजा अलग था। मेरा लहजा दिल्ली वाला था। मेरे साथ बहुत लंबे समय तक बहुत बुरा व्यवहार किया गया।

**बॉलीवुड कैम्प पर गुस्सा- बाहर वाले को आसानी से स्वीकार नहीं करते**

शाहिद ने आगे बताया, हम किराए के मकान में रहते थे, इसलिए हर 11 महीने में हम शिफ्ट हो जाते थे। मैं एक नई बिल्डिंग में होता और उन लोगों से दोस्ती करने की कोशिश करता, जिन्हें मैं जानता तक नहीं था। मैं श्यामक डावर के पास और फिर कॉलेज गया, और वहां मुझे आखिरकार स्वीकार किया गया। मेरे पास लोगों का अपना ग्रुप था, और फिर मैं एक एक्टर बन गया। जब मैं इंडस्ट्री में आया, तो मुझे अहसास हुआ कि यह भी एक स्कूल की तरह है। तो इस कई साल तक आपको इसे झेलना पड़ता है। बाहर वाले को आसानी से स्वीकार नहीं करते ये लोग। इनको बड़ी प्रॉब्लम होती है कि तुम आ कैसे गए अंदर।

**मुझे बुली किया तो मैं भी पलटकर बुली करूंगा**

शाहिद कपूर ने फिर कहा कि उन्हें फिल्म इंडस्ट्री का यह कैम्प वाला कल्चर बिल्कुल पसंद नहीं है। वह बोले, मुझे यह कैम्पी चीज पसंद नहीं है। मुझे लगता है कि जो लोग रचनात्मक रूप से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, उन्हें करना चाहिए। लोग एक-दूसरे के साथ सहज हैं, होना भी चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अन्य लोगों को नापसंद करें या अन्य लोगों को नीचा दिखाएं या आप अन्य लोगों के लिए दरवाजे बंद कर दें। और मुझे लगता है कि इस फिल्म इंडस्ट्री में ऐसा कुछ होता है। मुझे बुली किए जाने से नफरत है। जब बच्चा था और जब बड़ा हुआ, तो मुझमें आत्मविश्वास नहीं था। लेकिन अब, अगर तुम मुझे बुली करने की कोशिश करोगे, मैं भी पलटकर तुम्हें बुली करूंगा।

# कैंसर को काट बाहर फेंक देगी हरी सब्जी



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** कंटोला की सब्जी को मीठा करेला या ककोरा भी कहा जाता है। यह सब्जी कई सारे पोषक तत्वों से भरी होती है। इसके उपयोग से गंभीर बीमारियों से निजात पाई जा सकती है और स्वस्थ बना जा सकता है। कंटोला एक शाकाहारी फूड है जिसके ऊपर छोटे-छोटे कांटे होते हैं। इसमें बीमारियों को दूर करके ताकत भरने की क्षमता होती है। आप कंटोला खाकर दिन का जरूरी प्रोटीन पा सकते हैं, आइए इसके सारे फायदे जानते हैं। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन पर अगस्त 2014 में छपा शोध इसके अंदर एंटी डायबिटिक एक्टिविटी होने की बात मानता है। इसका सेवन किडनी फंक्शन को भी बेहतर बनाता है। शोध में देखा गया कि इसकी जड़ का एक्सट्रैक्ट कैंसर जैसी बीमारी को रोकने में मदद कर सकता है। यह ट्यूमर की ग्रोथ के खिलाफ लड़ने में बेहतर देखा गया है। इस वेजिटेरियन फूड में अच्छा खासा प्रोटीन होता है। यह न्यूट्रिएंट मसल्स की रिपेयरिंग और बिलडिंग के लिए आवश्यक है। इसे सेल्स की बुनियाद माना जाता है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो भी इस फूड का उपयोग कर सकते हैं। इसका फाइबर मेटाबॉलिज्म बूस्ट करता है और पोषण कमजोरी दूर करने में मदद करता है।

**एंटी टॉक्सिक प्रॉपर्टी:** इस फूड के अंदर एंटी टॉक्सिक प्रॉपर्टी भी पाई जाती है जो कि अंगों को खराब करने वाले विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं। इस सब्जी के अंदर गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने की ताकत होती है। इस तरीके का कोलेस्ट्रॉल नसों को जाम कर देता है और दिल बीमार कर सकता है।

## संपादकीय

# सवाल बराबरी का

एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने देश के सुरक्षा ढांचे के अंदर पलती पितृसत्तात्मक सोच पर कड़ी चोट की है। इस बार मामला कोस्टगार्ड से जुड़ा है। हालांकि अभी फैसला नहीं आया है, मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होनी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रुख ने इतना तय कर दिया है कि कोस्टगार्ड में महिलाओं को परमानेंट कमिशन देने में अब और टालमटोल नहीं किया जा सकेगा।

**सशस्त्र बलों का अनुभव :** इस संबंध में अचरज की बात यही है कि महिला-पुरुष बराबरी को लेकर देश-दुनिया में चल रहे विमर्श से हमारे सरकारी ढांचे का कोई हिस्सा इस कदर उदासीन कैसे हो सकता है। ध्यान रहे कि सशस्त्र बलों में बराबरी का व्यवहार पाने का महिलाओं का संघर्ष भी इसी दौर में चला। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के फैसले में आर्मी को निर्देश दिया कि महिलाओं को परमानेंट कमिशन देना होगा। अदालत ने इसके खिलाफ दी जाने वाली सारी दलीलों को खारिज कर दिया।

**मिलती-जुलती दलीलें :** बावजूद इसके, कोस्टगार्ड से जुड़े इस मामले में भी मिलते-जुलते से तर्क सुनने को मिले। मिसाल के तौर पर, कहा गया कि कोस्टगार्ड की फंक्शनिंग सेना या नौसेना से अलग है। ठीक ही अदालत ने इस तरह की दलीलों के विस्तार में गए बगैर ही उन्हें यह कहते हुए काट दिया कि 2024 में फंक्शनल डिफरेंस वाले तर्क नहीं चलेंगे। चाहे जो भी डिफरेंस हो और जो भी बाधाएं हों, महिलाओं को परमानेंट कमिशन देना ही होगा। जाहिर है, अब आगे बात इस पर नहीं होगी कि यह देना है या नहीं, मसला सिर्फ यह होगा कि कैसे देना है।

**जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी :** सवाल यह भी है कि जब सशस्त्र बलों में यह मामला उठा था, तब भी कहा गया था सरकार को जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी बनाने की पहल करनी चाहिए। मगर ऐसा लगता है कि सरकार की ओर से इस दिशा में कोई खास सार्थक प्रयास नहीं हुए। वरना सर्वोच्च अदालत के सामने 'फंक्शनल डिफिकल्टीज' गिनाने की कवायद में लगने के बजाय यह बताया जाता कि उन बाधाओं को दूर करने में कितनी कामयाबी मिली है।

**शानदार उपलब्धियां :** वैसे सुप्रीम कोर्ट ने भी साफ कर दिया है कि यह मामला याचिकाकर्ता तक सीमित नहीं है, लेकिन अगर मिसाल के तौर पर इस खास मामले का जिक्र करें तो भी इंडियन कोस्टगार्ड में पायलट के तौर पर 14 साल के अपने कार्यकाल के दौरान याचिकाकर्ता ने समंदर में 300 जानें बचाईं। उनके खाते में 4500 फ्लाइंग आवर्स दर्ज हैं जो सशस्त्र बलों में महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में सबसे ज्यादा है।

# रसूलपुर में दो ट्यूवैलों से अज्ञात चोरों ने एलईडी, इंर्वटर बैटरी सहित घरेलू सामान चोरी किया

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। कभी ट्यूवैलों से फवारा व केबल चोरी तो कभी घरों एवं दुकानों से सामन चोरी की घटनाएं घटित हो रही हैं। जिससे आमजन चिंतित है। इसी कड़ी में अज्ञात चोर रसूलपुर गांव के किसान सुरेश कुमार के ट्यूवैल से 25 फरवरी की रात्री के समय कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस थाने में दी शिकायत में सुरेश कुमार ने बताया कि गुढा की सीमा में बने उनके ट्यूवैल से अज्ञात चोर फ्रिज, एलईडी, कैमरे की हार्डडिस्क सहित घरेलू सामान चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं इसी दौरान चोर कन्हीराम के कुएं से 6 कट्टे गेहूं,6 कट्टे डीएपी खाद,फोरएट,इंवर्टर,बैटरी व सिलेंडर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# चेलावास में तीन ट्यूवैलों से 35 फवारा नोजल व कृषि उपकरण चोरी किए

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** किसान जगदेव गांव चेलावास द्वारा पट्टे पर लिए गए पंचायती प्लाट नम्बर 3 में बिजाई की गई गेहूं की फसल में सिंचाई के लिए 12 फवारे लगाए गए थे जिन्हें अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। फवारों के अलावा बैंड,स्र्टाटर से बोरवैल तक की केबल भी उड़ा ले गए। उन्होंने दरियाफ्त की तो मालुम हुआ कि संदीप के कुएं से भी 12 पीतल की फवारा नोजल तथा जयभगवान के कुएं से 11 फवारे, टी-गिलासी चोरी हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आए दिन चोरी की घटनाओं से किसान सहमे हुए हैं।

# कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव से सूट सिलाने निकली महिला हुई गायाब

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से सूट सिलवाने के लिए घर से निली एक महिला अचानक गायब हो गई। इस बारे में महिला के ससुर रामकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 26 फरवरी को सुबह करीब साढे 10 बजे उनकी पुत्रवधु सूट सिलवाने घर गई थी। जो सांय तक वापिस नहीं लौटी। अपने स्तर पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदा का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सत्य भारती स्कूलों में किया गया विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर भारती फांऊडेशन द्वारा संचालित सत्य भारजी स्कूल गोमला, मोहनपुर नांगल, तलवाना,खैराना, बचीनी व मेघनवास में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रयोग भी प्रदर्शित किए। जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, रॉकेट लांचर शामिल थे। जिला समन्वयक रामकिशन,संकुल संसाधन प्रभारी त्रिवेदी शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों में विषय की रोचकता व जिज्ञासा पैदा हुई है। विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रूचि बढाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहते हैं। इस मौके पर मुख्य अध्यापक सुनील कुमार, राजपाल,हेमलता, सुलभा,कविता,प्रमोद हाजिर थे।

# मौनी रॉय के बॉस लेडी लुक ने ढाया कहर

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** मौनी रॉय के बॉस लेडी लुक ने ढाया कहर, छोटे ब्लेजर और छोटी वेस्टलाइफ के कॉम्बिनेशन ने दे डाले गोल्स ऐसी कई एक्ट्रेसेस हैं जिन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी से की थी और आज वो छोटे से लेकर बड़े पर्दे पर अपनी मजबूत छवि बना चुकी हैं। ऐसी ही कुछ बेहतरीन अदाकाराओं में से एक मौनी रॉय हैं, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2006 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी से की थी। गोल्ड, मेड इन चाइना और ब्रह्मास्त्र जैसी कामयाब फिल्मों में भी काम कर चुकी ये गॉर्जियस बाला अपने फैशन सेंस के लिए भी खूब पसंद की जाती है। ये हसीना कभी अपनी नाजुक अदाओं वाली तो कभी दिल की धड़कनों को रोक देने वाले ग्लैमरस फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती है। जैसे अभी हाल ही में मौनी ने अपनी बॉस लेडी लुक वाली तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। उनके इस पावरफुल और स्टाइल गोल्स देते लुक को चलिए आपको भी दिखाते हैं। अपनी एक्टिंग के साथ-साथ स्टाइलिश फैशन सेंस के लिए भी मौनी को खूब पसंद किया जाता है। एक और जहां ये एक्ट्रेस पारंपरिक कपड़ों में अपने हुस्न का जादू चलाती है, वहीं वेस्टर्न ड्रेस में अपनी हॉटनेस से सोशल मीडिया पर सबके पसीने भी छुड़ा देती है। इन सभी में मौनी का दमखम देखने लायक होता है। इसी दम को दिखाता उनका लेटेस्ट बॉस लेडी लुक फैंस को दीवाना बना रहा है। ऑल ब्लैक पावर सूट में वो पावरफुल वाइब्स देने से बिल्कुल नहीं चूकीं। वैसे आपको बता दें कि मौनी ने जो ऑल ब्लैक





आउटफिट पहना है वो डेमे लव का कलेक्शन से लिया गया था। ये वो लेबल है जिसकी फाउंडर एक्टर अर्जुन रामपाल की गर्लफ्रेंड गेब्रिएला डेमेट्रिड्स हैं।

**क्रॉप्ड ब्लेजर ने दिया कूल लुक**

बॉस लेडी लुक के लिए अदाकारा ने ब्लैक क्रॉप्ड ब्लेजर वेअर किया था। इसकी यूएसपी इसके पावर शोल्डर्स थे, जो स्लिम बॉडी फ्रेम की मालकिन मौनी को काफी सूट कर रहे थे। ब्लेजर को थोड़ा सा अलग टच देने के लिए इसके लैपल को अलग फैब्रिक से बनाया गया था, जो शाइनी फिनिश का था। आमतौर पर मौनी को इस तरह के ब्लेजर के साथ बोल्ड टॉप्स कैरी करते देखा जाता है, लेकिन इस बार उन्होंने राउंट नेकलाइन का फिगर हगिंग फिट वाला टॉप वेअर किया था।

मौनी रॉय अपनी फिटनेस को लेकर हमेशा सजग रहती हैं। न जाने कितने सालों से वो अपने स्लिम फिगर को मेनटेन करती हुई आई हैं, जिसे वो समय-समय पर फ्लॉन्ट करने से भी हिचकिचाती नहीं हैं। ऐसा ही कुछ इस बार भी होता नजर आया। मौनी ने क्रॉप्ड ब्लेजर और टॉप के साथ हाई राइज फ्लेयर्ड पैंट्स पहनी थीं। इसने एक ओर उनके लुक को प्लेन होने से बचाया, तो दूसरी ओर उनकी वेस्टलाइन को हाईलाइट किया। अपने पावर लुक में ब्लेजर सेट को टू हीरो बनाने के लिए मौनी ने किसी भी तरह की कोई एक्ससरीज कैरी नहीं की थी। बावजूद इसके इस लुक में कहीं से भी कुछ भी मिसिंग सा महसूस नहीं हो रहा था। उनका फुली कवर्ड लुक अदाकारा को हमेशा की तरह ही फ्लॉलेस फैशनेबल स्टाइल देने में कामयाब रहा।

**ब्लैक हील्स ने बढ़ाया कद**

एक्ट्रेस ने अपने ऑउटफिट के साथ डायर की छ्व2ड्ड4 हील्स को पेयर किया था। इस हील की खास बात ये है कि इसमें ब्लैक थ्रेड से कॉटन एम्ब्रॉइडरी की गई है। इसकी खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ाने का काम इसमें ऐड किए गए सिल्वर-टोंड स्ट्रास कर रहे थे। इसने मोनोक्रोम लुक में थोड़ा सा बलिंग ऐड करने का भी काम किया।

# एक्सपायर हो चुका मेकअप, चेहरे का हाल बिगड़ते देर नहीं लगेगी

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** ज्यादातर लड़कियों को मेकअप करना बहुत पसंद होता है। कुछ लड़कियां जो हल्का-फुल्का मेकअप करती भी हैं, उनके बैग में काजल या फिर लाइट रंग की एक लिपस्टिक तो जरूर ही रखी मिल जाएगी। आज कल बाजार में छोटे-बड़े ब्रांड के अच्छे-अच्छे मेकअप प्रोडक्ट्स मिल जाते हैं। ऐसे में कई बार मन करता है कि क्या खरीदें और क्या छोड़ें। फिर होता ये है कि आपके पास मेकअप प्रोडक्ट्स का भंडार लग जाता है, जिसे चाहते हुए भी फेकने का मन नहीं करता। रखे-रखे मेकअप प्रोडक्ट खराब होने लगते हैं और एक्सपायरी होने के कारण इन्हें स्किन पर लगाना



नुकसानदायक हो सकता है। चेहरे पर लगाई जाने वाली क्रीम से लेकर काजल तक की भी एक्सपायरी डेट होती है, जिसके निकल जाने के बाद वह इस्तेमाल के लायक नहीं रहते। लेकिन बहुत सी लड़कियां इन्हें जानें-अनजानें फिर भी यूज करती रहती हैं। हो सकता है आपको यह कोई बड़ी बात ना लगती हो, मगर एक ऑनलाइन न्यूज वेबसाइट से बातचीत में छ्वक्रञ्ज हॉसपिटल की त्वचा विशेषज्ञ डॉक्टर स्वप्ना प्रिया ने बताया कि एक्सपायरी मेकअप प्रोडक्ट आपकी बॉडी को खतरनाक तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं, यहां जानें कैसे।

**आंखों में हो सकता है इंफेक्शन**

यदि आप गलती से अपनी आंखों में मस्कारा या आईलाइनर लगा लेती हैं, तो आपको आई इंफेक्शन जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस का खतरा हो सकता है। मस्कारा आदि यदि एक्सपायरी डेट के करीब पहुंच चुके हैं तो उन्हें फेक दें क्योंकि यह बैक्टीरिया का घर हो सकते हैं।

**लंबे समय तक खराब हो सकते हैं ये अंग**

एक्सपायर्ड मेकअप के बार-बार संपर्क में आने से त्वचा संबंधी पुरानी समस्याएं जैसे डर्मेटाइटिस और समय से पहले बुढ़ापा आने की समस्या हो सकती है। यदि आपकी स्किन सेंसटिव है या आपको एक्जिमा की शिकायत रहती है, तो एक्सपायर्ड मेकअप उन्हें और ज्यादा बदतर बना सकता है।

**हो सकती है एलर्जी**

यदि आपने कभी एलर्जी का अनुभव नहीं किया, तो भी आपको एक्सपायर्ड मेकअप से एलर्जी हो सकती है। इनमें सूजन, खुजली और जलन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं, जिन्हें आप अनदेखा नहीं कर सकतीं।

**इस रिस्क से खुद को कैसे बचाएं**

कोई भी मेकअप प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसपर लगे लेबल को ठीक से चेक करें। उस पर लिखा यूज बाई नजरअंदाज ना करें। गर्मी और नमी मेकअप के दुश्मन हैं। अपने प्रोडक्ट्स को सीधी धूप से दूर रखें। इसे सूखी और ठंडी जगह पर रखें। अपने मेकअप ब्रश आदि को नियमित रूप से धोएं। यदि आपको नहीं पता कि मेकअप एक्सपायर हो चुका है, तो आप उसे सूंघ भी सकती हैं। यदि उसमें से गंध आ रही है, तो आप उसे तुरंत ही हटा दें।

# क्राइम के मामले में सन 2023 और 2024 के जनवरी व फरवरी माह के आकंड़े बताते हैं कि क्राइम घट रहा है : दिनेश यादव

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** जिला पुलिस ने सन 2023 और 2024 के जनवरी और फरवरी माह के क्राइम के आंकड़े पेश कर बताया की 2023 की तुलना में 2024 के प्रथम 2 माह में अपराधों में गिरावट आई है। डीएसपी दिनेश यादव ने प्रेसवार्ता करते हुए अलग-अलग अपराधों के बिंदुवार आंकड़े पेश करते हुए कहा की पलवल जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। पलवल डीएसपी दिनेश यादव ने बताया की वर्ष 2023 में जनवरी और फरवरी माह में हत्या के 6 मुकदमे दर्ज हुए हैं । जबकि इस साल 4 मामले सामने आये हैं जिनमें पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। वहीँ हत्या के प्रयाश के पिछले साल के 16 मुकदमों की तुलना में केवल 8 मुकदमे दर्ज हुए हैं जिनमें 47 आरोपियों पर शिकंजा कसा गया है और इस वर्ष लूट और स्नेचिंग के 9 मामलों में 28 लुटेरे गिरफ्तार हुए हैं। साथ ही उन्होंने बताया की फिरौती के पिछली साल के 4 मुकदमों की तुलना में अबकी बार तीन घटनाएं सामने आई है जिनमें 11 मुल्जिम काबू किये हैं। उन्होंने बताया की शख्त चोट के 34 मुकदमों की तुलना में 18, साधारण मारपीट के 20 मामलों की तुलना में 10 मामले, बलात्कार के 16 मामलों की तुलना में 4, छेड़छाड़ के 22 मुकदमों की तुलना में 9, दहेज़ के 20 मामलों की तुलना में 13, सड़क दुर्घटना में मृत्यु के 49 की तुलना में 31, सड़क दुर्घटना में घायल के 52 मुकदमों की तुलना में 46, साधारण चोरी के 56 की तुलना में अबकी बार केवल 32 मामले सामने आये हैं उन्होंने बताया की इस दौरान पुलिस ने 2 इनामी बदमाश, 15 उद्घोषित अपराधी और 32 बेल जंपरों को भी जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। अवैध हथियार की तस्करी और सप्लाई के मामलों में 51 आरोपियों के खिलाफ 48 मामले



दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। ड्रूस तस्करी में 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब साढ़े 3 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद किये हैं। वहीँ शराब की अवैध तस्करी और सट्टा खाईवाली में भी पुलिस ने अपराधियों पर लगाम कसी है। डीएसपी दिनेश यादव ने बताया की अबकी बार पुलिस ने ट्रेफिक नियम तोड़ने वालों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 करोड़, 42 लाख, 78 हजार, 300 रुपये का जुर्माना भी किया है। डीएसपी ने बताया की वर्ष 2023 में जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक कुल 882 मुकदमे दर्ज हुए जिनकी तुलना में इस बार 716 मुकदमे दर्ज हुए हैं जो पिछली बार के मुकदमों से 166 यानी 18.8 प्रतिशत कम है। डीएसपी ने बदमाशों को चेतावनी देते हुए कहा की अगर पलवल में रहना है तो अपराधियों को अपराध छोड़ना होगा या फिर जिला। क्योँकि अपराधियों के लिए पलवल में कोई स्थान नहीं है।

# फुटओवरब्रिज के निर्माण के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने जिला से होकर निकल रहे दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे-19 पर विभिन्न स्थानों पर बनने वाले फुट ओवरब्रिज को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएचबीवीएलएन पलवल के जोगिंद्र हुड्डा को गदपुरी टोल प्लाजा, पृथला और डीसी कार्यालय के पास बनने वाले फुट ओवरब्रिज के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। वहीं सब डिविजन पीएचईडी होडल के एसडीओ राजबीर सिंह को डीपीएस स्कूल और विद्या आनंद पर्बलिक स्कूल करमन के पास बनने वाले फुट ओवरब्रिज के निर्माण के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इन अधिकारियों की नियुक्ति आगामी छह सप्ताह या फुट ओवरब्रिज के निमार्ण पूरा होने तक रहेगी।

# हाईवे पर दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** नेशनल हाईवे-19 पर बहरौला फ्लाईओवर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर ड्यूटी से घर लौट कर जा रहे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी मलखान सिंह के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के तरौली जनूबी गांव निवासी विष्णु ने दी शिकायत में कहा है कि वह फरीदाबाद एक निजी कंपनी में नौकरी करता है व उसका भाई 41 वर्षीय नेम सिंह मित्रोल गांव के पास स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। उसके पास चाचा भीम सिंह का फोन आया कि तेरे भाई नेम सिंह का पलवल के निकट एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही पीड़ित जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा तो घायल नेम सिंह ने बताया कि भाई में ड्यूटी कर बाइक से तेरे पास फरीदाबाद आ रहा था। लेकिन बहरोला फ्लाईओवर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। लेकिन जिला नागरिक अस्पताल से उसके भाई की हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान उसके भाई नेम सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

# रंजिश के चलते दो सगे भाईयों पर जानलेवा हमला

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** रंजिश के चलते अपनी बैठक पर बैठे दो भाईयों पर गांव के ही दो युवकों ने अपने 8-10 नकाबपोश दोस्तों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनके पिता की शिकायत पर दो नामजद सहित 12 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, भंगुरी गांव निवासी धर्मवीर ने दी शिकायत में कहा है कि गांव के अड्डे पर स्थित एक दुकान पर उसके बेटे सुधीर व अमन के साथ गांव के ही निवासी नीरज व सतेंद्र के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद आरोपी युवक उसके बेटों को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। लेकिन अगले दिन जब उसके दोनों बेटे सुधीर व अमन घर के सामने अपनी बैठक पर बैठे हुए थे, उसी दौरान सतेंद्र व नीरज हाथों में हथियार लेकर अपने 8-10 अन्य नकाबपोश दोस्तों के साथ वहां पहुंच गए। आरोप है कि उक्त युवकों ने वहां पहुंचते ही उसके बेटे सुधीर व अमन पर जानलेवा हमला कर दिया। झगड़े में सुधीर के सिर पर गडासे से हमला कर दिया, जबकि अमन के सिर पर डंडे से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपी जब उनके बच्चों को पीट रहे थे तो शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग वहां पहुंच गए। लोगों को देखकर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित भी मौके पर पहुंच गया और मामले की सूचना तुरंत पुलिस को फोन पर दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मौका-मुआयना किया। पीड़ित अपने बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल ले गया। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर दो नामजद सहित 12 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाबालिग की शादी कराने में मां सहित पांच पर केस दर्ज

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** नाबालिग लडक्नी की शादी करने पर बाल विवाह निषेध अधिकारी की टीम मौके पर पहुंची और शादी कराने में शामिल मोलाना व दो महिलाओं सहित पांच के खिलाफ हथीन थाना में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत लडक्नी के पिता ने दी थी, जो स्वंय नीमका जेल में बंद है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की प्रोटेक्शन अधिकारी सुमन चौधरी ने दी शिकायत में कहा है कि सीजेएम कार्यालय पलवल में ई-मेल से एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें एक पीड़ित पिता ने कहा कि उसकी बहन उसकी नाबालिग बेटी की शादी जबरदस्ती कर रही है। वह स्वंय जेल में बंद है। जिस पर वे अपनी टीम के साथ हथीन थाना पहुंची और लडक्नी की मां के बयान दर्ज किए। जिसमें उसने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी तावडू के एक गांव निवासी युवक के साथ की है। जिसके बाद टीम ने लडक्नी का स्कूल से जन्म प्रमाण पत्र निकलवाया तो उसमें लडक्नी की उम्र 16 वर्ष 5 महीना है, जो नाबालिग है। शिकायत में कहा है कि नाबालिग की शादी करने में उसकी बुआ, उसकी मां, शादी कराने वाला मोलाना, लडक्ना व लडक्के का पिता शामिल है। हथीन थाना पुलिस ने प्रोटेक्शन अधिकारी की शिकायत पर उक्त सभी के खिलाफ धारा 9, 10 व 11 बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने की भरतपुर के कलेक्टर से वीसी के माध्यम से बैठक

**सूचना के त्वरित आदान-प्रदान को प्रत्येक स्तर पर बने सोशल मीडिया ग्रुप : धीरेंद्र खड़गटा**

**शराब वितरण, अवैध हथियारों की रोकथाम के संबंध में बढ़ाया जाए आपसी तालमेल**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने लोकसभा चुनाव को लेकर जिला भरतपुर के कलेक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल से बैठक में भाग लेते हुए उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने भरतपुर के कलेक्टर को आगामी लोकसभा चुनाव के मध्येनजर सुझाव दिया कि सूचना के त्वरित आदान-प्रदान को प्रत्येक स्तर पर सोशल मीडिया ग्रुप बनवाने, ऐसे संदिग्ध तत्व जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है की सूची बनवाने, एक्ससाईज व पुलिस अधिकारियों की निरंतर गस्त, असामाजिक तत्वों के आने - जाने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनवाने, वाहन चैकिंग के लिए चेक पोस्ट बनवाने, अवैध व नकली मदिरा, शराब वितरण, अवैध हथियार, नकदी एवं गुण्डा तत्वों पर रोकथाम के संबंध में आपसी तालमेल बढ़ाया जाए। उन्होंने ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में ऐसे सक्रिय गैंग जो आपराधिक वारदातों एवं घटनाओं को अंजाम देने के बाद सीमा पार कर जाते हैं उन पर पूरी निगरानी रखी जाये । सीमावर्ती क्षेत्रों के हिस्ट्रीशीटर, असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक प्रवृतति के लोगों की सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का सुझाव दिया । उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की सूची तैयार कर साझा करें जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, ताकि संबंधित पर निगरानी रखी जा सके । उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय शराब माफिया, हथियार माफिया एवं अधिक कैश का लेनदेन करने वाले व्यक्तियों पर निगरानी रखने का भी सुझाव दिया। उन्होंने ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती जिलों के अधिकारी निरंतर संवाद बनाए रखकर कार्य करेंगे । उन्होंने विश्वास दिलाया कि चुनाव के दौरान हरियाणा राज्य के सीमावर्ती जिलों में भी पूरी सतर्कता बरती जायेगी । उन्होंने ने सीमावर्ती क्षेत्रों में निवासरत हिस्ट्रीशीटर एवं अपराधियों को चिन्हित कर जिला प्रशासनिक अधिकारियों एवं जिला पुलिस अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय बनाकर अपराधियों पर संयुक्त रूप से नाकाबंदी के साथ लगाम लगाने के लिए तंत्र को मजबूत करने का सुझाव दिया।

# उपायुक्त ने किया मोबाइल वैटनरी यूनिट के तहत दो एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से संचालित की गई मोबाइल वैटनरी यूनिट**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर से पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से संचालित मोबाइल वैटनरी यूनिट के तहत दो एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल यूनिट उपमंडल तावडू व फिरोजपुर झिरका में चलाई जाएंगी, जिनके माध्यम से पशुपालकों को पशुओं के इलाज, कृत्रिम गर्भाधान, लैब टेस्ट सहित अन्य इलाज की सुविधाएं 24 घंटे व सात दिनों नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल ने गत 25 फरवरी को महेंद्रगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं पशु मेला कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सभी जिलो के लिए पशुपालकों को सौगात के रूप में 70 एंबुलेंस उपलब्ध करवाई थी, जिनमें से जिला नूंह को दो एंबुलेंस मिली हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शुरुआत में उपमंडल तावडू व फिरोजपुर झिरका को यह एंबुलेंस उपलब्ध करवाई हैं। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. विरेंद्र सहरावत ने बताया कि इन एंबुलेंस के माध्यम से पशुपालकों को पशुओं के इलाज, कृत्रिम गर्भाधान सहित विभिन्न प्रकार इलाज, लैब टेस्ट की मोबाइल सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। सरकार द्वारा हिसार के वैटनरी संस्थान में स्थापित हैल्प कॉल सेंटर, जिसका नंबर 1962 है, इस मोबाइल एंबुलेंस की सुविधा पशुलपालकों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

## जिले में कृषि और संबद्ध सेवाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता मे में लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में कृषि और संबद्ध सेवाओं की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में किसानों और जिले के अन्य निवासियों के लिए सकारात्मक उन्नति के लिए योजनाएं पर चर्चा की गई। कृषि विभाग के उप निदेशक ने समीक्षा बैठक में जिला में चल रही परियोजनाओं और प्रगति रिपोर्ट को रखा । इसके बाद, पशुपालन विभाग के उप निदेशक ने भी समीक्षा के बारे में अपने विचार साझा किए, और इसके बाद बाग़वानी और मत्स्यपालन विभागों के विभाग अध्यक्ष ने भी सुझाव दिए । समीक्षा बैठक में अन्य विभाग के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। समीक्षा सत्र के दौरान जिला उपायुक्त ने आकांक्षी ज़िला नूंह के मुख्य सूचकांकों की समीक्षा की जो की नीति आयोग द्वारा जारी किए गए है अथवा नूंह और पुन्हाना ब्लॉक के मुख्य सूचकांकों की भी समीक्षा की क्योंकि ये ब्लॉक भी नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक में आते हैं। उनकी समीक्षा करने के बाद, उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अंतर्गत आने वाली जानकारी और डेटा से संबंधित सभी विवरणों को 10 दिनों में पूरा किया जाए। इसके अलावा, बैठक में उद्यमिता और कौशल विकास पर भी चर्चा हुई। सरकारी योजनाओं के बारे में बातचीत की गई, जो लोगों को नए उद्यम शुरू करने में सहायता कर सकती हैं। नए उद्यमों को समर्थन देने के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों पर प्रकाश डालते हुए, प्रतिभागियों को जिले के भीतर आर्थिक उत्थान के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# लोकसभा आम चुनाव को लेकर सैक्टर अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, व्यवर्स्थित एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला नूंह क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में सैक्टर अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में किया गया। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि निर्वाचन से पहले की प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण होती है। सेक्टर अधिकारी निर्वाचन को लेकर अपनी सारी तैयारियों का एक बार रिव्यू कर लेवें। जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और निर्विघन सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सेक्टर अधिकारियों के पास उनके क्षेत्र का नक्शा व रूट चार्ट होना अनिवार्य है। अपने क्षेत्र के पोलिंग बुथ का भ्रमण करें और वहां बिजली,पनी,शौचालय व अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की जांच समय रहते कर लें। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के आरओ और माईक्रों आर्ब्जवर के सम्पर्क में रहे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया में अपना बेस्ट परफामेंस दें। अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए की गई सभी आवश्यक तैयारियों को देख लेवें। अपने सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं। इस दौरान उन्होंने बताया गया कि सेक्टर ऑफिसर का पद निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण पद है, सेक्टर अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन मतदान प्रक्रिया ई.वी.एम तथा वीवी पेट में खराबी, उसकी कार्यप्रणाली, आदर्श आचरण संहिता, कानून व्यवस्था का ज्ञान रहे। सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के अधीन समस्त मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न करवाए। प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों के कार्य एवं उत्तरदायित्वों को विस्तारपूर्वक बताया गया। उपायुक्त ने कहा कि सेक्टर ऑफिसरों के कार्य जिम्मेदारी निर्वाचन ड्यूटी आदेश मिलने के साथ शुरू हो जाती है और मतदान समाप्ति तक बनी रहती है तब तक कि उनके सेक्टर के अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों की मतदान सामग्री एवं समस्त प्रपत्र जमा न हो जाये, सेक्टर ऑफिसरों को मतदान के पूर्व मतदान केन्द्र संबंधी कार्य, मतदान सामग्री वितरण दिवस के कार्य मतदान दिवस के एक दिन पूर्व के कार्य और मतदान दिवस के कार्य के बारे में बताया गया। सेक्टर अधिकारियों को महत्वपूर्ण मतदान केन्द्र एवं असुरक्षित मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर उनके मापदण्डों के बारे में बताया गया। रिटर्निंग अधिकारी ने चुनाव से जुडे सभी सैक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे चुनावी डयूटी को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी प्रकार की देरी एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में निष्पक्षता दिखाई देने के साथ-साथ व्यवहार में भी झलकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन पोलिंग पार्टियों को कोई कठिनाई अथवा असुविधा का सामना न करना पडे, इसके लिए सभी सैक्टर अधिकारी समय रहते पूर्ण रूप से ईवीएम ट्रेनिंग व अन्य तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए पूरी निष्पक्षता एवं कर्मठता से अपनी ड्यूटी निभाएं तथा शांतिपूर्ण चुनाव के लिए धैर्य को बनाकर रखें और मतदान वाले दिन समय पर मॉक पोल एवं मतदान की प्रक्रिया शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी चुनाव आयोग द्वारा दी गई बुक को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार जिम्मेदारी के साथ अपने चुनाव सम्बंधी जिम्मेदारियों को निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपनी सकारात्मक भूमिका के साथ चुनाव से सम्बंधित अधिकारी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर डीएमसी रणबीर सिंह, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ. चिनार चहल एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, नगराधीश अशोक कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# तावडू में बनेगा बाईपास, प्रक्रिया जारी, योजना के लिए डिप्टी सीएम का आभार : नासिर हुसैन

**तावडू शहर को मिलेगी जाम से निजात, आस-पास गाँवों मिलेगा फायदा : नासिर हुसैन**

**नए बजट में भी मेवात वासियों के लिए अनेक योजनाएं।**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि तावडू में बाईपास बनाया जाएगा और इसके लिए राज्य सरकार द्वारा डीपीआर बनाने की प्रक्रिया जारी हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट एनएचएआई से जुड़ा हुआ है इसलिए केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद इस पर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने सोमवार को विधानसभा बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य के सवाल का जवाब दिया। इस योजना से तावडू शहर पर ट्रैफिक दबाव भी बहुत कम हो जाएगा। जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन ने बताया कि नए बजट में नूंह,यमुनानगर और रोहतक जिलों में उचित स्थानों पर नई हवाई पट्टियां विकसित की जाएंगी। ई-भूमि के माध्यम से भूमि की पहचान और उसकी खरीद की प्रक्रिया वर्ष 2024-25 में शुरू की जाएगी। इसके अलावा मेवात क्षेत्र की जल समस्या के समाधान के लिए 2 परियोजनाओं की योजना बनाई गई है। इनमें गुरुग्राम जलापूर्ति चैनल की रि-मॉडलिंग और मेवात फीडर पाइप लाइन परियोजना शामिल हैं। ये जिला नूंह, गुरुग्राम, मानेसर और बहादुरगढ़ शहरों तथा नए विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों- आई.एम.टी. मानेसर, सोहना, खरखौदा और बहादुरगढ़, धारूहेड़ा औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के गांवों की वर्ष 2050 तक की पेयजल और औद्योगिक उपयोग के पानी की मांग को पूरा करने के लिए आयोजित की गई हैं। इनकी मौजूदा क्षमता 175 क्यूसिक से बढ़ाकर 686 क्यूसिक की जाएगी। इन दो परियोजनाओं पर 3028 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है तथा यह कार्य अगस्त, 2024 तक शुरू होने की संभावना है। ये आगामी जनकल्याणकारी योजनाऐ उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के दूरदर्शिता और गठबंधन सरकार की उपलब्धियों की परिचालक रहेंगीं। उपरोक्त विभिन्न योजनाओं के लिए मेवात वासियों ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व गठबंधन सरकार का आभार व्यक्त किया।

## 01 मार्च को होगी जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि 01 मार्च को जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली करेंगें। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायत का जवाब अपने साथ स्वयं लेकर आएं और अपने किसी भी अन्य अधिकारी व कर्मचारी को न भेजें । उपायुक्त ने कहा है कि सभी अधिकारी समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करें ।

# ट्विनिंग ऑफ स्कूल: बच्चों ने किए अनुभव सांझा




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** ट्विनिंग ऑफ स्कूल प्रोग्राम के तहत पीएम श्री स्कूल पटखोरी के बच्चों ने दूसरे स्कूलों के बच्चों के साथ अपने अनुभव सांझा किए था दूसरे स्कूलों के विद्यार्थियों के अनुभव सुने। स्कूल प्रधानाचार्य परवीन सैनी ने बताया कि ट्विनिंग ऑफ स्कूल्स प्रोग्राम का मकसद बच्चों को दूसरे स्कूलों के बच्चों के बारे में जानने और स्कूल की भौतिक सुविधाओं के बारे में जानने समझने में मदद करता है। इस कार्यक्रम के तहत सनराइज स्कूल अगोन के बच्चे अपने अध्यापकों के साथ पीएम श्री स्कूल पाटखोरी के भ्रमण पर आए। बच्चों ने विभिन्न शैक्षिक और खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। स्कूल के बच्चों ने एक दूसरे से विचार विमर्श कर व्यवस्था को जाना। वाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता के साथ साथ खेल की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों को अल्पाहार देकर ससम्मान विदा किया गया। सनराइज स्कूल के अध्यापक अकरम अलीग ने कहा कि वो भी पाटखोरी स्कूल में पढ़े हैं,लेकिन उस समय में और अभी के स्कूल में जमीन आसमान का अंतर है। स्कूल का स्टाफ जहां उच्च गुणवत्ता का है वहीं भौतिक सुविधाएं भी काफी अच्छी हैं। प्रोग्राम को आयोजित करने में प्रोग्राम कॉर्डिनेटर पवन यादव और नाजिम आजाद ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इससे पूर्व पाटखोरी स्कूल के बच्चे आईटीआई फिरोजपुर झिरका का अवलोकन कर चुके हैं, आईटीआई में बच्चों ने अपने अनुभव सांझा करने के साथ वर्कशॉप, और मशीनों की कार्य प्रणाली के बारे में जाना। इस अवसर पर मोहम्मद शाहिद, राजीव मित्तल, पदम सिंह, गीता रानी, अनीता देवी, रेहाना खान, जितेंद्र जैन, हरिओम गोयल सहित समस्त स्टाफ और बच्चे उपस्थित थे।

**लोकसभा चुनाव : 2024**

# नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर व टीम को आज से दिया जाएगा प्रशिक्षण : डीसी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला रेवाड़ी में नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर व टीम को गुरूवार 29 फरवरी व शुक्रवार 1 मार्च को लघु सचिवालय स्थित सभागार में प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाएगा। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार 29 फरवरी को दोपहर बाद 2 बजे जिला के सभी नोडल अधिकारियों को तथा विभिन्न प्रकार की टीमों को सायं 3 बजे व सायं 4 बजे तथा शुक्रवार 1 मार्च को बाद दोपहर 2 बजे 72-बावल (अजा) विस क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर ऑफिसर, सायं 3 बजे 73-कोसली विस क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर ऑफिसर तथा सायं 4 बजे 74-रेवाड़ी विस क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर ऑफिसर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 29 फरवरी को प्रात: 11 बजे सीटीएम कार्यालय में आयोजित होगी।

## रेवाड़ी में कैब ड्राइवर 9 लाख रुपए लेकर भागा

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** झज्जर जिले की एक महिला को रेवाड़ी में एक प्लाट की रजिस्ट्री करानी उस समय महंगी पड़ गई जब उसके द्वारा बुक कराई कैब का ड्राइवर उंसके 9 लाख रुपये लेकर चंपत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झज्जर जिले की सपना अपनी बुजुर्ग मां के साथ रेवाड़ी में खरीदे हुए प्लॉट की रजिस्ट्री कराने रेवाड़ी तहसील आई थी। सपना ने झज्जर से कैब बुक की थी। तहसील से सपना कुछ काम से कैब व अपनी माँ को लेकर जिला सचिवालय स्थित कोर्ट आ गई। उसने अपनी माँ को पैसों के साथ गाड़ी में ही बैठे रहने को कह कर कोर्ट में चली गई। ड्राइवर ने इसका फायदा उठाते हुए सपना की माँ को चाय पीने के लिए भेज दिया। जब सपना कोर्ट से बाहर आई तो उसे गाड़ी नहीं दिखाई दी। उसकी माँ जहां गाड़ी खड़ी की थी वहीं पर बैठी मिली। सपना ने सोचा कि ड्राइवर ने गाड़ी इधर उधर लगा दी होगी। उसने ड्राइवर को कई फोन किये मगर ड्राइवर ने फोन नहीं उठाया। कुछ देर बाद ड्राइवर का फोन स्विच ऑफ हो गया। सपना को अपने साथ हुई अनहोनी घटना का अहसास हुआ। उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सेक्टर 3 चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सपना ने पुलिस को बताया कि अक्सर वह इसी कैब ड्राइवर को बुक करती थी। उसने बताया कि गाड़ी में 9 लाख से ऊपर रुपये रखे थे व कुछ कागज़ भी थे। पुलिस ने तुरंत वीटी कर चारों तरफ नाके बंदी कर दी मगर समाचार लिखे जाने तक ड्राइवर का कोई पता नहीं चल पाया था।

## कम्पनी में चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस ने ड्यूरोपैक लिमिटेड कम्पनी में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया कि ड्यूरोपैक लिमिटेड कम्पनी के वाइस प्रेसिडेंट अरिहन्त जैन ने अपनी शिकायत में बताया कि 25जून 2023 की रात्रि को हीरो मोटोकॉर्प कम्पनी के लिए तैयार किए गए 12 रोल को दो नाम पता नामालूम व्यक्ति कम्पनी की दीवार कुदकर कर चोरी करके ले गए है। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार को मामले में एक आरोपी कन्हैया यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## प्रधान सिपाही ईकलास निवासी ग्वारका ने 1 रजत सहित 1 कांस्य पदक जीता



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** गांव ग्वारका (तावडू) के रहने वाले द्वितिय बटालियन आई.आर.बी के प्रधान सिपाही इकलास ने पुणे महाराष्ट्र में 13 से 17 फरवरी तक आयोजित 44 वें मास्टर नेशनल गेम में 3000 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेते हुए बाधा दौड़ को 12 मिनट 39 सेकंड में पूरा करके उसमें तृतीय स्थान प्राप्त कर, कांस्य पदक प्राप्त किया वहीं 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ को 4 मिनट 13 सेकंड में पूरा कर उसमें द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर पदक प्राप्त किया हैं। प्रधान सिपाही इकलास की कामयाबी पर आज नरेन्द्र बिजारणिया पुलिस अधीक्षक नूंह एवं कमांडेंट द्वितीय बटालियन आईआरबी ने लघु सचिवालय नूंह स्थित अपने कार्यालय में उसको सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नूंह नरेन्द्र बिजारणिया ने कहा कि खेलों में युवाओं का भविष्य सुरक्षित है इसलिए वह खेलों में अवश्य भाग ले प्रदेश सरकार द्वारा भी खिलाडि़यों के प्रोत्साहन के लिए बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन कर उनको आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाता है ।

# हरियाणा की जनता अपने विधायक और सांसद से पूछे, क्यों नहीं बोलते एसवाईएल पर : जयहिंद

## विधानसभा में एसवाईएल को लेकर जयहिंद करने गए सवाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद आज चंडीगढ़ विधानसभा में एसवाईएल का मुद्दा उठाने के लिए पहुंचे इस मौके पर नवीन जयहिंद और सोनू मलिक मोखरा हाथों में एसवाईएल के बैनर और विधायकों के लिए सवालों का पर्चा लेकर निकले थे लेकिन पुलिस ने हरियाणा विधानसभा में पहुंचने से पहले नवीन जयहिंद व सोनू मलिक मोखरा को गिरफ्तार कर चंडीगढ़ सेक्टर 3 के थाने में ले गए।

जयहिंद ने पत्रकारों के सामने प्रदेश की जनता का सवाल रखते हुए कहा कि विधानसभा में 90 विधायक है लेकीन कोई भी एक शब्द नहीं बोल रहा है । यहां तक कोई भी किसान नेता राकेश टिकैत, गुरनाम सिंह चढूनी सहित तमाम किसान नेता हरियाणा के हक एसवाईएल पर नहीं बोल रहे है ।

साथ ही जयहिंद ने कहा कि जो हरियाणा के हक़ की बात नहीं करेगा वो हरियाणा का ग़द्दार है ।

जयहिंद ने हरियाणा के सभी पक्ष-विपक्ष व निर्दलीय विधायकों से पूछा कि एसवाईएल के मुद्दे पर क्यों नहीं बोल रहे है अपना पक्ष क्यों नहीं रख पा रहे है एसवाईएल क्या आईएएस की परीक्षा का सवाल है जो जवाब नहीं दे पा रहे है क्या आप सभी को हरियाणा की 60 % जनता गन्दा पानी पीती हुई नजर नहीं आ रही है क्या आपको हरियाणा के किसानों की 10 लाख एकड़ बंजर पड़ी जमींन नजर नहीं आ रही है गंदे पानी की वजह से गावों में माताएं-बहनें-बुर्जुग और बच्चे न जाने कितनी गंभीर बिमारियों से ग्रस्त हो रहे है युवा उम्र से पहले बूढ़े हो रहे है गर्मियों में तो पशुओं को पानी पिलाने के लिए और घर के लिए कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है क्या ये जनता आपकी नहीं है ? क्या इस दुखयारी जनता व किसानों के प्रति आपका कोई कर्त्यव्य नहीं है ? क्या वोटों की राजनीति के लिए इस जनता को इस्तेमाल किया जायेगा ? क्या प्रदेश के हक़ के लिए कोई भी विधायक विधानसभा में एक शब्द नहीं बोलेगा ? क्या एसवाईएल का हक़ हरियाणा का हक़ नहीं है ? क्या सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसवाईएल पर लागू नहीं होना चाहिए ? क्या सभी पार्टियों के विधायक एक जुट होकर विधानसभा में एसवाईएल पर बजट सत्र में एक दिन स्पेशल चर्चा नहीं कर सकते ? क्या प्रदेश की जनता इसी तरह से पानी के लिए तरसती रहेगी ?



गंदे पानी की वजह से कैंसर, पीलिया,हैजा, थायरॉइड, किडनी ख़राब, पेट की बीमियारियाँ, गंजापन, चर्म रोग सहित कई लाइलाज बीमारियों से प्रदेश की जनता ग्रस्त हो रही है ।

जयहिंद ने साथ ही माँग रखी कि सभी विधायक और सांसद अपने इलाक़े के घरों में आ रहे पानी का टीडीएस चेक करवाये, इन्हें सच्चाई का पता चल जाएगा कि हरियाणा की जनता कितना ज़हरीला पानी पी रही है ।

प्रदेश की जनता इस सभी सवालों का जवाब अपने सभी जनप्रतिनिधियों से मांग रही है प्रदेश की जनता ने इन सभी को चुन कर विधानसभा भेजा है अब इन सब की जिम्मेदारी बनती है कि अपनी जिम्मेदारी निभाए और प्रदेश के हक़ आवाज उठाये

प्रदेश की जनता के लिए एसवाईएल नहर का निर्माण क्यों जरूरी है

हरियाणा के लोग बड़े भाई पंजाब से भीख नहीं अपना हक़ मांग रहे है।

पंजाब से पानी पकिस्तान जा रहा है लेकिन हरियाणा को नहीं दिया जा रहा ऐसा क्यों. ?

हरियाणा के 22 जिलों में से 17 जिलो में जहरीला पानी पी रहे है हरियाणा के लोग।

पानी की वजह से हरियाणा की 10 लाख एकड़ खेती की जमीन बंजर पड़ी है।

पिछले 42 साल से स्ङ्करुका पानी हरियाणा को नहीं मिलने से 60% जनता को शुद्ध पीने का पानी भी नहीं मिल रहा।

अशुद्ध जल पीने के कारण इंसानों और पशुओं में कई तरह की लाईलाज बीमारियाँ बढ़ रही है जैसे सफ़ेद बाल हो रहे है और गंजे हो रहे है जल्दी।

80% हरियाणा के गाँवों में भूमिगत जलस्तर (चौवा) एक हजार फ़ीट निचे जा चुका है जिसके कारण किसानों को खेती व आम जनता को पानी की समस्या हो रही है।

अगर स्ङ्करुका पानी हरियाणा को मिल जाए तो 40 लाख टन अनाज किसान हर साल उगाकर जनता का पेट भर सकते है।

# हास्यपद भाजपा के विधायक ही कह रहे है कि घोटाला हुआ, उसके बाद फाइल गुम हो जाती है : विधायक नीरज शर्मा

**फ़ाइल जानबूझकर गुम करवाई गई है। सरकार को चाहिए है इस केस की जांच तो जरूर सीबीआई से करवाई जांए।**

**कितनी हास्यपद बात है कि जो शिकायत 2016 में ज्ञानचंद गुप्ता जी ने की है उनकी बात को सीरियस नही लिया जा रहा तो विपक्ष के विधायको की क्या स्थिति होगी आप समझ सकते है**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/फरीदाबाद, 28 फरवरी।** 2024 आज 27 फरवरी को एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या वर्ष 2016 में श्री ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक द्वारा पंचकूला शहर में दिनांक 08.09.2015 को आउटसीस कोटे के तहत 13 प्लाटों के आवंटन में धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत दी गई थी; यदि हां, तो इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने के बाद की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और आपके द्वारा उक्त शिकायत की जांच सी.बी.आई से कराने की सिफारिश की है; यदि हां, तो वह तारीख/आधार जिस पर उक्त सिफारिश गई थी तथा उक्त जाँच के परिणाम का ब्यौरा क्या है और क्या सी.बी.आई से जांच कराने की पहले की सिफारिश के बाद आप द्वारा अन्य एजेंसी से जांच कराने की कोई सिफारिश की गई थी; यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है।

जिसपर सदन में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने सदन में बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी, हांलकि जिस फाईल पर 01.06.2020 को मामले को सीबीआई को भेजने की सिफारिश की थी, उसका पता चल नही पा रहा है और उक्त फाइल के संबध में एफआईआर 368 दिनांक 25.08.2022 को दर्ज करवाई गई है। इसके बाद 19.08.2022 के बाद के निदेश अनुसार इस सबंध में एफआईआर 369 दिनांक 25.08.2022 दर्ज की गई है जिसकी जांच भष्टाचार निरोधक ब्यौरो द्वारा की जा रही है।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि कितनी हास्यपद बात है कि जो शिकायत 2016 में ज्ञानचंद गुप्ता जी ने की है उनकी बात को सीरियस नही लिया जा रहा तो विपक्ष के विधायको की क्या स्थिति होगी आप समझ सकते है। फाईल गुम होने के बाद जांच सीबीआई से नही करवाई जा रही है।

विधायक नीरज शर्मा ने सदन में बोलते हुए कहा कि यह फ़ाइल जानबूझकर गुम करवाई गई है। सरकार को चाहिए है इस केस की जांच तो जरूर सीबीआई से करवाई जांए।

विधायक नीरज शर्मा ने सदन में फाइल की प्रति अध्यक्ष विधानसभा को दिखाते हुए कहा कि आप बताए फाइल किसको चाहिए मै देता हूँ आप करवाए सीबीआई से इसकी जांच तांकि सच जनता के सामने आए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष के कहने पर विधायक नीरज शर्मा ने 29 पैजो की फ़ाइल विधानसभा में टेबल की।

विधायक नीरज शर्मा ने बोला कि जब भाजपा के विधायक ही कह रहे है कि घोटाला हुआ है और उसके बाद फाइल गुम हो जाती है। यह कैसे हो सकता है जब मुख्यमंत्री जी खुद कहते है कि सब कुछ पोर्टल पर है तो यह फाईल किसके पास थी लास्ट में उसका पता क्या नही चल पा रहा है। सरकार सिर्फ और सिर्फ इस घोटाले को दबाने की कोशिश कर रही है।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार मिटाने की बात फिर मुख्यमंत्री ने अपने आदेशो को क्यों बदला यह बात स्पष्ट करे और इसकी जांच सीबीआई से करवाने के तुरंत आदेश पारित करे।

**फरीदाबाद गुरूग्राम मेंट्रो को जोडने के विषय पर बोल विधायक नीरज शर्मा**

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि फरीदाबाद को गुरूग्राम से मेंट्रो रेल के माध्यम से जोडा जाना है लेकिन इस बजट में एक रू का भी प्रस्ताव इस बजट में नही रखा गया। सदन में अतारंकित प्रश्न में सरकार से पूछा कि क्या यह तथ्य है कि मेट्रो ट्रेन के माध्यम से फरीदाबाद को गुरुग्राम से जोड़ा जाना है जिसमें एक स्टेशन प्याली चौंक है; यदि हां, उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त परियोजना पर खर्च की जाने वाली संभावित राशि कितनी है तथा अब तक बजट में किये गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है; तथा उक्त परियोजना के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराए।

जिसपर सदन में मुख्यमंत्री द्वारा बताया गया कि अतिंम डिटेल की प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर तैयार की जा रही है अनुमति लागत और समय सीमा डीपीआर के पूरा होने के बाद ही पता चलेगा जो अगस्त 2024 तक होने की सम्भांवना है।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मुख्यमंत्री के जवाब से स्पष्ठ है कि इस भाजपा के राज में फरीदाबाद गुरुग्राम मेट्रो की एक ईंट भी नही लगेगी। फरीदाबाद गुरुग्राम मेट्रो का कार्य हुड्डा सरकार में शुरू होगा।

# विदेशों में जान गंवा रहे युवा, गठबंधन सरकार जिम्मेदार : कुमारी सैलजा

**प्रदेश में पारदर्शी तरीके से नौकरी मिलती तो बाहर नहीं जाते युवा**

**विदेश जाने के लिए जमीन-जायदाद बेच रहे, फिर शव लाना भी बनता चुनौती**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में पनपे पेपर लीक माफिया के कारण प्रदेश के युवा विदेशों में जान गंवाने को मजबूर हो रहे हैं। अपने परिवार की जमीन-जायदाद बेच कर ये किसी तरह विदेश तो चले जाते हैं, लेकिन वहां जान गंवाने के बाद शव को वापस लाना परिवार के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होता। प्रदेश में पेपर लीक न होते, समय से पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी दी जाती तो युवा विदेशों का रूख न करते।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि एक महीना पहले ही कैथल जिले के गांव चंदलाना से जमीन बेचकर कनाडा गए 28 वर्षीय देवीदयाल की वहां पर मौत हो गई है। यहां उसकी पत्नी, दो छोटे-छोटे बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य हैं, लेकिन उसके शव को वापस लाने में ही 25 लाख रुपये का खर्चा आ रहा है। इससे बेटे के साथ अपना सबकुछ गंवा चुके परिवार पर विपदा का बड़ा पहाड़ सा टूट गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है, जब इस तरह से विदेश में मौत के बाद परिवार के सामने दिक्कत खड़ी हुई हों। साल 2023 में अकेले कैथल जिले के 5 युवा इसी तरह अपनी जान गंवा चुके। पूरे हरियाणा की बात करें तो यह आंकड़ा 12 से अधिक हो सकता है। परिवार की आर्थिक हालत कमजोर होने के कारण इनमें से कई का शव तो परिजन अंतिम संस्कार के लिए वापस मंगवा भी नहीं पाए और मजबूरी में उन्होंने वहीं पर अंतिम संस्कार की इजाजत देनी पड़ी।

कुमारी सैलजा ने कहा कि देश की मोदी सरकार की तरह प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार भी युवाओं को रोजगार देने में विफल ही साबित हुई है। पेपर लीक, एसपीएससी व एचएसएससी से मिल रहे नोटों से भरे सूटकेस के बाद तो युवाओं का प्रदेश की भर्ती एजेंसियों से विश्वास ही उठ चुका है। प्रदेश सरकार भी खाली पड़े सरकारी पदों को भरने की बजाए युवाओं को भर्ती प्रक्रियाओं में उलझा कर रखना चाहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यहां रोजगार देने में विफल गठबंधन सरकार पिछले दिनों खुद ही प्रदेश के युवाओं को विदेशों में मरने के लिए भेजने की योजना भी शुरू कर चुकी है, जिसमें युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूर बनाकर भेजे जाने हैं। इससे पता चलता है कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से रोजगार देने में विफल सरकार अपने सिर कोई भी ठीकरा फूटने से पहले युवाओं को बाहर भेजना चाहती है। ताकि, बाद में किसी के साथ कोई अनहोनी भी हो जाए तो इनके सिर पर कोई बात न आए।

# दलित विरोधी मानसिकता से ग्रस्त है बीजेपी-जेजेपी सरकार : चौ. उदयभान

**विधायक गीता भुक्कल के विरुद्ध बदजुबानी के लिए माफ़ी मांगें मुख्यमंत्री : उदयभान**

**संत गुरु रविदास जी की प्रतिमा के अपमान पर माफी मांगे देवेंद्र बबली : उदयभान**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** फतेहाबाद में संत गुरु रविदास जी की प्रतिमा के अनादर और विधानसभा में सम्मानित विधायक गीता भुकल के विरुद्ध बदजुबानी की घटनाओं से स्पष्ट है कि बीजेपी-जेजेपी सरकार पूरी तरह दलित विरोधी मानसिकता से ग्रस्त है. यह कहना है हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान का. उदयभान ने कहा कि फतेहाबाद के भुना में मंत्री देवेंद्र बबली पर आरोप लगा है कि उसने गुरु रविदास जी की प्रतिमा को गंदे नाले में फेंक दिया. ये प्रतिमा बतौर स्मृति चिन्ह मंत्री को भेंट की गई थी. लेकिन मंत्री और उनके स्टाफ ने इसका अनादर किया. समाज के तीन दर्जन लोगों ने इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस को समाज की भावनाओं को आहत करने वाले इस कृत्य के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। यह बयान चंडीगढ़ में पत्रकारों को संबोधन में कही। उदयभान ने आगे कहा कि विधायक गीता भुक्कल के विरुद्ध की गई बदजुबानी के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को माफी मांगनी चाहिए। क्यूंकि विधानसभा में मुख्यमंत्री ने जिस तरह पूर्व मंत्री एवं विधायक गीता भुक्कल के साथ बदजुबानी और धमकी भरे लहजे में बात की, यह बेहद निंदनीय है। ये सीएम की महिला और दलित विरोधी सोच को दर्शाता है।

चौधरी उदयभान ने कहा कि गीता भुक्कल विधानसभा में एक बेहद ही महत्वपूर्ण बिंदु पर बात कर रही थी. लेकिन एक महिला कोच से छेड़छाड़ के आरोपी मंत्री संदीप सिंह का नाम आते ही मुख्यमंत्री ने मर्यादाहीनता की तमाम सीमाओं को लांघ दिया और वो सदन में सम्मानित विधायक को धमकाने लगे। यह पहला मौका नहीं है जब मुख्यमंत्री ने इस तरह का अमर्यादित व्यवहार किया हो। अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सिरसा में भी इसी तरह एक बुजुर्ग दलित महिला के साथ बदजुबानी की थी. महिला नशे की चपेट में आकर अपने जवान बेटे की मौत का मुद्दा सीएम के सामने उठाने आई थी. महिला की मांग थी कि नशा कारोबारी पर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि उनकी तरह किसी और मां को अपना जवान बेटा ना खोना पड़े। लेकिन नशा कारोबारियों पर कार्रवाई करने की बजाय सीएम ने सरेआम दलित महिला की बेइज्जती करने का काम किया था। इसके बाद भी और महिलाओं के साथ ऐसे ही घटनाक्रम देखने को मिले।

## बोधराज सीकरी की मुहिम निरन्तर गतिमान, स्थापित किया 5 लाख 56 हजार हनुमान चालीसा पाठ का कीर्तिमान

# ईश्वर की सच्ची भक्ति ही परम शक्ति है : बोधराज सीकरी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** बोधराज सीकरी समाजसेवी की निरंतर एक वर्ष से अधिक समय से चली आ रही हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत कल दिनांक 27 फरवरी, मंगलवार को चोटी पंचायत, न्यू कॉलोनी गुरुग्राम में श्री ओम प्रकाश कथूरिया, चेयरमैन ओम स्वीट्स ने पाठ का आयोजन करवाया। चोटी पंचायत का हॉल भक्ति रस से खचाखच भरा हुआ था। सर्वप्रथम पंडित भीम दत्त ने मंत्रोच्चारण से पूजा करवायी और उसके उपरांत श्री गजेंद्र गोसाई ने गायकी के माध्यम से सुर और ताल से हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया और लगभग डेढ़ घंटे में समापन की ओर पहुँचे और अंतिम चोपाई पर सभी को नृत्य करवाकर हनुमान जी के चरणों में हाज़िरी भरी।

बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि हनुमान चालीसा पाठ और सुंदरकांड पाठ एक मैनेजमेंट का पूरा कोर्स है। अंगद का उदाहरण देकर सीकरी जी ने साधकों को बताया कि कैसे अंगद ने लंका में जाकर अपने पिता का परिचय देकर रावण का मनोबल गिराया। अंगद ने अपने पैर को जमा कर भी यह सिद्ध कर दिया कि तुम्हारा कोई भी योद्धा मेरे पैर को नहीं हिला सका। इससे भी रावण का मनोबल गिरा कि एक बानर में इतनी ताक़त तो उसके मालिक में कितनी ताक़त होगी। जब रावण उनका पैर उठाने के लिए खड़ा हुआ और जैसे ही झुका, अंगद ने अपना पैर खींच लिया और उसका मनोबल गिराते हुए कहा कि मेरे पैर मत पड़ो बल्कि जिनका मैं दास हूँ, उन प्रभु राम के चरण को जाकर पकड़ लो। ऐसे ही बोधराज सीकरी ने हनुमान जी का उदाहरण देकर भक्त जनों को बताया कि रावण का मनोबल हनुमान जी ने भी गिराया। रावण अंदर से घबरा गया की एक बानर पूरी अशोक वाटिका को उजाड़ सकता है, मेरे पुत्र अक्षय कुमार को मार सकता है और पूरी लंका को जला सकता है, तो इनका मालिक कितना योद्धा होगा। युद्ध से पहले किसी योद्धा का मनोबल गिरा देना, इस प्रकार की मैनेजमेंट सकिल रामायण में है। हमें इन ग्रंथों के अध्ययन से यह सब ज्ञान मिलता है।

जाने माने शिक्षाविद डॉक्टर अशोक दिवाकर ने अपने वक्तव्य में राम तत्व की बात की और युवा के संस्कारवान होने की बात पर विचार प्रकट किए। डॉक्टर परमेश्वर अरोड़ा ने आगाह किया कि जो ग़लत भ्रांतिया हमारे धर्म के बारे में और हमारे ग्रंथों के बारे में की जाती है, उनका खंडन करना चाहिए ताकि हमारा आज का युवा पथभ्रष्ट ना हो जाये। उन्हें सही ज्ञान की जानकारी मिलनी चाहिए। इस पाठ में नवनियुक्त अर्जुन मण्डल के मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र बजाज ने आकर बड़ों से आशीर्वाद लिया। श्रीमती सीमा पाहूजा अपने पति बंटी पाहूजा के साथ, केंद्रीय आर्य सभा के प्रधान श्री अशोक आर्य, आर्य समाज के पुराने कार्यकर्ता लक्ष्मण पाहूजा, प्रमोद सलूजा, यदुवंश चुग, दिलीप लूथरा, आर.डी क्वात्रा, रमेश कामरा, युधिष्ठिर अलमादी, रामलाल ग्रोवर, रमेश कालरा, राजकुमार कथूरिया, नरेंद्र कथूरिया, भीम, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, रवि मनोचा, अनिल कुमार, ओपी कालरा, किशोरी लाल डुडेजा, जोगिंदर बजाज, द्वारिका नाथ, सतपाल नासा उपस्थित रहे।



महिला शक्ति में श्रीमती सुरेश सीकरी, श्रीमती ज्योत्सना बजाज, श्रीमती पुष्पा नासा, श्रीमती रचना बजाज, श्रीमती सिमरन बजाज, श्रीमती वीणा अरोड़ा, उपस्थित रही। बोधराज सीकरी ने धर्मेंद्र बजाज को श्रीमती सीमा पाहूजा को संगठन में पद मिलने के उपलक्ष्य में विशेष आशीर्वाद दिया। बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि जब तक नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के पद की शपथ नहीं ले लेते, हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम यूं ही चलती रहेगी। कल चोटी पंचायत में 250 लोगों ने 21-21 बार पाठ किया। इसी प्रकार जनता रिहैबिलिटेशन सेंटर में पिछले कई मंगलवार से बोधराज सीकरी की अगुवाई में जो हनुमान चालीसा पाठ चल रहा है। वहां भी 40 विद्यार्थियों ने 21-21 बार पाठ किया। इसी प्रकार जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में भी 31 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया। विजय टन्डन और रणधीर टन्डन की फैक्टरी वी.के.रब प्लास्ट के 60 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। इसके अतिरिक्त पंजाबी बिरादरी महा संगठन की महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती ज्योत्सना बजाज के सहयोग से, मंगलवार के दिन जहां-जहां भी हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा है। उसके अतिरिक्त जूम के माध्यम से लगभग 20 महिलाओं ने 11-11 बार पाठ किया। इससे पहले पिछले मंगलवार तक एक वर्ष में 222 स्थानों पर हनुमान चालीसा के 559,735 पाठ 40751 साधकों ने किए थे। इस मंगलवार के पाठ को मिलाकर 227 स्थानों पर 41,152 साधकों द्वारा 566,320 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं। अगले मंगलवार पाँच मार्च को शाम छः बजे पाठ सुशांत लोक सी ब्लॉक कम्युनिटी सेंटर में पाठ का आयोजन जगदीश डूडेजा और जगदीश बंसल की ओर से होगा।

# गुरावड़ा में कुत्ते के हमले से एक युवक घायल

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले के गांव गुरावड़ा में एक कुत्ते ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने कुत्ते के मालिक पर मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव गुरावड़ा निवासी हेमंत यादव ने रोहड़ाई थाना में दर्ज कराई एफआईआर में बताया की वह अपने दादा अमीर सिंह के साथ अपने प्लाट से गायों को चारा- पानी देकर वापस अपने घर जा रहा था। इसी दौरान प्लाट के पास ही पीछे से काले रंग का कुत्ता आया और उसने उसके बाएं पैर को जबड़े में जकड़ लिया। कुत्ते के हमला करते ही उसने शोर मचाया तो पीछे चल रहे उसके दादा ने भी शोर मचा दिया उसके हाथ में लाठी थी, जिसे देखकर कुत्ता भाग कर सतपाल के घर में घुस गया। हेमंत के मुताबिक यह कुत्ता सतपाल ने ही पाला हुआ है। कुत्ते के हमले के कारण उसके पैर से काफी खून बहने लगा। इसके बाद परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर गए। हेमंत ने यह भी आरोप लगाया कि कुत्ते ने पहले भी गांव में कई लोगों पर हमला किया है। हेमंत का आरोप है कि गांव के लोगों को काट खाने के बावजूद भी सतपाल का परिवार पालतू कुत्ते को खुलेआम छोड़ें रखता है, जिसकी वजह से अन्य लोगों को भी खतरा बना हुआ है। पुलिस ने हेमंत की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कुत्ते के मालिक सतपाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# रेवाड़ी में राजस्थान निवासी आर्मी जवान के साथ हुई लूटपाट



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के कस्बा धारूहेड़ा में कुछ बदमाशों द्वारा राजस्थान निवासी एक सेना के जवान के न केवल मारपीट गई बलिक उसका सबकुछ लूट लिया गया। धारूहेड़ा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूटपाट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान के तिजारा निवासी करण सैनी आर्मी में श्रीनगर में तैनात है। करण 20 दिन की छुट्टी पर श्रीनगर से वापस अपने घर राजस्थान आ रहा था। वह रात करीब 12:00 बजे बस द्वारा दिल्ली से धारूहेड़ा में दिल्ली जयपुर हाईवे सथित फ्लाईओवर पर उतरा। करण सैनी ने पुलिस को बताया कि उन्हें यहां खड़े हुए चंद सेकंड ही हुए थे कि अचानक एक ऑटो उनके पास आकर रुका, उसमें चार लोग पहले से बैठे हुए थे। ऑटो वाला टपूकड़ा जाने की आवाज लग रहा था, क्योंकि उन्हें भी उसी रोड पर जाना था, ऐसे में उन्होंने भिवाड़ी टोल टैक्स तक जाने की बात कही। आरोपियों ने 40 किराया मांगा। ज्यादा रात का वक्त होने की वजह से वह ऑटो में ही सवार हो गया। ऑटो में अन्य लोगों के बैठे होने से होने उसे लगा कि यह भी सवारियां ही होगी। आरोपी ऑटो को लेकर भगत सिंह चौक से नंदरामपुर बास की तरफ बढ़ा। इसी रोड पर कुछ किलोमीटर आगे चलने के बाद सुनसान जगह देखकर पीछे बैठे एक शख्स में उसके गले में रस्सी जैसा फंदा डाल दिया, इसके बाद एक आरोपी ने सर और हाथ पर लोहे की छोटी राड से हमला किया, जिससे वह बेहोश हो गए। आरोपी करीब 5000 कैश, मोबाइल, पैन कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम, पहचान पत्र, क्रेडिट कार्ड, आर्मी का आईडी कार्ड और दो बैग जिसमें कैंटीन का सामान और कपड़े थे। जो वह परिवार के लिए लाया था। सब छीनने के बाद उसे पास के खेत में फेंक कर चले गए। करण को जब होश आया तो हाथ और सर से खून बह रहा था। उसने रास्ते मे कुछ लोगों से मदद मांगी मगर रात्रि को वजह से कोई नहीं रुका। करण घायल अवस्था मे ही पैदल पैदल राजस्थान की सीमा तक पहुंच गया। वहां उन्हें राजस्थान पुलिस के कुछ जवान मिले, जिसकी मदद से उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। धारूहेड़ा पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची। इसके बाद करण को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने करण की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस भगत सिंह चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक कर रही है जिसमें ऑटो के रजिस्ट्रेशन नंबर और आरोपियों का पता चल सके।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना माडल टाऊन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जांचकर्ता ने बताया की दिनांक 28 फरवरी 2024 को सूचना मिली की लक्की पुत्र मुकेश निवासी धारूहेड़ा चुंगी रेवाडी जो नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है। वह अभी कालका चौक रेवाड़ी के पास गांजा बेचने की नियत से खड़ा हुआ है। जिस सूचना को सच मानकर तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 14.31 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# विधायक चिरंजीव राव 100 करोड़ के घोटाले पर लाए ध्यान आकर्षण प्रस्ताव

**जो पैसा किसानों के लिए पहुंचना था उस पैसे से खरीदी जमीन और फ्लैट**

**किसानों के पैसे की रिकवरी कैसे करेगी सरकार।**

**बड़ी मछलियों को बचाने में लगी भाजपा सरकार।**

**पिछले 10 साल से हुए घोटाले में आज तक किसी को नहीं दी सजा।**

**जांच के नाम पर खाना पूर्ति कर बंद करवा दी जाती हैं फाइलें।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** बजट सत्र के अंतिम दिन रेवाडी विधायक चिरंजीव राव द्वारा विधानसभा में सहकारिता विभाग में हुए 100 करोड के घोटाले पर ध्यानाकषर्ण प्रश्ताव लाया गया। जिसमें विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि सबसे बडी बात यह रही कि जो अन्नदाता देश का पेट भर रहा है और जो पैसा किसानों के हित के लिए लगाया जाना चाहिए था उस पैसे से अफसरों ने मिलीभगत कर रेवाडी, करनाल, जीरकपुर में लगजरी फलैट खरीद लिए। यह घोटाला 100 करोड का नही बल्कि ज्यादा का है। लेकिन सरकार नही चाहती की इस मामले की निश्पक्ष जांच हो। क्योंकि इस घोटाले में सहकारिता विभाग के कोर्डिनेटर नरेश गोयल को आज तक गिरफतार ही नही किया है तो फिर कैसे दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा यह इतना पूराना घोटाला है, अब तक विभाग द्वारा ओडिट क्यों नही करवाया गया। इतना ही नही इस घोटाले के लिए कई समाजिक लोगों ने 2022 में शिकायत भी दी थी। लेकिन सरकार ने कोई कदम नही उठाया। विधायक चिरंजीव राव ने सदन में पूछा कि सरकार यह बताए कि 100 करोड के घोटाले की रिकवरी कैसे की जाएगी, क्योंकि देश में ही नही विदेशों में भी प्रोपटी खरीदी गई है।

चपरासी से लेकर जीएम तक शामिल हैं, 22 करोड रूपये एफडी का ब्याज भी डकारा है। मामाले की मास्टर माइंड हैं, अनु कौशिश ने न केवल सहकारिता के खाते से करोडों रूपये निकाले बल्कि कंपनियों को की गई फर्जी पेमेंट में से परिवार के नाम पर रिश्वत ली। अनु कौशिश के नाम पर करोडों रूपये की जमीन खरीदी गई हैं। गुरूग्राम में दर्ज एफआईआर 29 के अनुसार आईसीडीपी अवधि समाप्त होने के बाद भी अनु कौशिश ने 4 करोड रूपये निकाले। इसे अलग अलग लोगों को ट्रांसफर किया गया और 54 लाख रूपये का हिस्सा कौशिश परिवार को वापस दिया गया। इसमें से 1,22 करोड रूपये की जमीन कौशिश के लिए सिरसा में खरीदी गई थी। पिछले साल गुरूग्राम में दर्ज एफआईआर 22 और 23 में एसीबी ने जीएम आईसीडीपी योगेंद्र अग्रवाल के नाम पर एसआरके अपार्टमेंट, जीरकपुर में एक फलैट खरीदने के लिए आईसीडीपी रेवाडी बैंक खाते से 43 लाख रूपये हस्तांतरण का पता लगाया था। यह भुगतान 2018 में किया गया था। विधायक चिरंजीव राव ने कहा बडी मछलियों का बचाया जा रहा है भले ही इसमें अभी तक कुछ गिरफतारियां हुई हैं। लेकिन इस योजना के कोर्डिनेटर नरेश गोयल को गिरफतार नही किया गया है। जब तक बडे अधिकारी गिरफतार नही होगें तब तक दूध का दूध पानी का पानी नही हो सकता। एंटी करप्शन ब्यूरो ने 17 ए की परिमिशन के लिए फाइल सरकार के पास भेजी गई है, लेकिन सरकार ने परमिशन नही दी है, इससे साफ पता चलता है कि सरकार अपने चहेतों को बचाना चाहती है।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा भष्टाचार के नाम पर जीरो टोलरेंस पॉलीसी बताने वाली भाजपा सरकार के राज में न जाने कितने घोटाले हुए हैं, लेकिन सबसे बडी यह है कि आज तक किसी मामले की जांच नही हुई। सभी मामलों में खानापूर्ति करके बंद कर दिए गए। आज तक किसी को घोटालों में सजा नही हुई है जिससे साफ पता चलता है कि सारे घोटाले सरकार के सरंक्षण में किए जा रहे हैं। वहीं विधायक चिरंजीव राव ने लडकों के कॉलेज की बिल्डिंग के लिए भी सदन में बोला कि काफी समय से विधानसभा में मैं बोल रहा हूं कि हमारे रेवाडी में लडकों के कॉलेज की बिल्डिंग बननी है लेकिन आज तक इस पर सरकार ने कोई कदन नही उठाया है और न ही इस बजट में भी लडकों के कॉलेज के लिए कोई बजट पारित किया है। इसके लिए युवाओं ने कई बाद प्रदर्शन तो कई बार पैदल मार्च भी किया है, इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि रेवाडी में जल्द से जल्द लडकों के कॉलेज की बिल्डिंग बनवाई जाए।

# शहादतनगर नर्सिंग कॉलेज के भवन को जल्द पूरा कराकर इसी सत्र से प्रारंभ किए जाए एडमिशन

**कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा में रखी नर्सिंग कॉलेज शुरु करने की मांग**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा के बजट सत्र में क्षेत्र के गांव शहादतनगर में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा कराकर कक्षाएं आरंभ करने की मांग को जोरदार ढंग से उठाया। कोसली विधायक की मांग पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि नर्सिंग कॉलेज के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन तैयार होते ही कक्षाएं शुरु कर दी जाएगी।

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा में मांग को रखते हुए कहा कि उन्होंने 2022-23 में शहादत नगर नर्सिंग कॉलेज के लिए पांच करोड़ का बजट पास कराया। जिसके लिए वे मुख्यमंत्री मनोहरलाल का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस नर्सिंग कॉलेज का भवन 31 मार्च 2023 को पूरा हो जाना था, लेकिन अभी तक केवल 88 फीसदी ही कार्य पूरा हो पाया है। आखिर किन कारणों के चलते भवन का निर्माण समय पर पूरा नहीं हो पाया तथा कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कोई जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कॉलेज में नई कक्षाएं जुलाई-अगस्त में शुरु होंगी। भवन का मात्र 12 फीसदी कार्य शेष रह गया है। एडमिशन में अभी छह माह का समय है, जो कि कम नहीं है। इसलिए इस भवन के निर्माण को अति शीघ्र पूरा कराकर इस सत्र में नर्सिंग कॉलेज के एडमिशन शुरु किए जाएं।

कोसली विधायक के सवाल पर जवाब देते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि भवन का निर्माण करने वाली कंपनी से देरी का कारण अवश्य पूछा जाएगा। सरकार नर्सिंग कॉलेज पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार ने नर्सिंग पॉलिसी बनाई है। नर्सिंग कॉलेजों को सरकारी अस्पतालों से जोड़ा गया है। पहले एक-एक कमरे में नर्सिंग कॉलेज चल रहे थे, जिन्हें सरकार ने बंद कराया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भवन तैयार होते ही नर्सिंग की कक्षाएं शुरु करा दी जाएगी।

# पत्रकार संजय कौशिक के घर शोक व्यक्त करने वालों का लगा तांता



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पत्रकार संजय कौशिक के पिता परमानंद कौशिक के निधन के बाद उनके घर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। गत 20 फरवरी मंगलवार को पत्रकार संजय कौशिक के पिता परमानंद कौशिक का बीमारी के चलते निधन हो गया था। परमानंद कौशिक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

दरअसल, 85 वर्षीय परमानंद कौशिक सीआरपीएफ से सेवानिवृतति के बाद सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। वहीं ब्राह्मण समाज के प्रति भी उनका योगदान कम नहीं था। उनके निधन के पश्चात हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डॉ अरविंद यादव, हरियाणा परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ सतीश खोला, जननायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव एडवोकेट श्याम सुंदर सभरवाल, नगर परिषद रेवाड़ी की चेयरपर्सन पूनम यादव, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव, इनेलो पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ राजपाल यादव, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप शर्मा, इनेलो पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राजवंत डहीनवाल, भाजपा नेता अमित यादव, नगर पार्षद दीपक अग्रवाल पालवासिया, धीरज शर्मा वासुदेव वाले, नरेश यादव, सज्जन यादव, एडवोकेट कुसुम पनवाल, सत्येंद्र यादव, डीआईपीआरओ दिनेश शर्मा, गोकल बाजार एसोसिएशन से विपिन अग्रवाल, विवेक ढींगड़ा, बजाजा बाजार से दीपेश भार्गव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, नगर एवं जिला पार्षदों ने उनके घर पहुंच पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी भावभीनी संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पत्रकार संजय कौशिक ने बताया कि 3 मार्च रविवार को प्रातः हवन शुद्धि के साथ भोजन प्रसाद एवं शाम 3:45 बजे रस्म पगड़ी की प्रक्रिया की जाएगी।

# वीर सावरकर विषय पर आयोजित संगोष्ठी में पीएम मोदी से भारत रत्न देने की मांग की गई




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** स्वच्छ भारत मिशन रेवाड़ी। हरियाणा सरकार एवं ग्रीन इंडिया- क्लीन इंडिया के तत्वाधान में हिंदू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा हिंदुत्व को विकसित करने का श्रेय सावरकर को जाता है विषय पर रेजांगला स्मृति स्थल पर सायंकाल आयोजित संगोष्ठी में भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष के साथ वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर पुष्प वर्षा एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ नमन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ.जया शर्मा ने कहा देश की आजादी में महान स्वतंत्रता सेनानियों,नारी शक्ति और समाज सुधारकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हिंदू समाज के,धर्म के,राष्ट्र के करोड़ हिंदू बंधु अस्पृश्यता से अभिशप्त है। राष्ट्र और समाज को पुष्ट करने वाला हमारा दैनिक व्यवहार,देश और समाज के प्रति विशुद्ध प्रेम एवं न्याय पूर्ण व्यवहार ही हमारा धर्म है। हिंदुत्व की परिभाषा देते हुए वीर सावरकर ने कहा इस देश का प्रत्येक नागरिक मूलत हिंदू है जिसकी पितृ भूमि, मातृभूमि और पुण्य भूमि यही है। उन्होंने कहा पुण्य भूमि सिर्फ हिंदूओं, सिखों, बौद्ध और जैनियों की ही हो सकती है।

इसमें मुख्य रूप से वीर सावरकर ने युवाओं को स्वदेशी राष्ट्रीय एकता और धर्मनिरपेक्षता के महत्व के बारे में जागरूक किया।1960 में सावरकर ने लंदन की इंडिया हाउस में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई थी।वीर सावरकर गदर आंदोलन के नेताओं के संपर्क में आयें और भारत लौटकर आजादी की लड़ाई में खुद को समर्पित कर दिया। वीर सावरकर ही पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1857 के विद्रोह को आजादी की पहली लड़ाई करार दिया था। 07 अप्रैल 1911 को सावरकर को काला पानी की सजा हुई और पोर्ट ब्लेयर सेल्यूलर जेल में अनेक यातनाओं को सहन किया था। उनके राजनीतिक दर्शन में तर्कवाद, प्रत्यक्षवाद, मानवतावाद, सार्वभौमिकता, व्यवहारिकता और यथार्थवाद के तत्व थे।शिक्षाविद प्रवीण यादव ने कहा वीर सावरकर का महान व्यक्तित्व युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# जनता के सपने को पूरा करना भाजपा का लक्ष्य, जन भागीदारी से बनेगा संकल्प पत्र: नायब सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा ने जनता के सपनों के अनुरूप अपना संकल्प पत्र तैयार करने के कार्य को गति देना शुरू कर दिया है। हरियाणा भाजपा ने केन्द्रीय नेतृत्व के दिशानिर्देश पर ज्यादा से ज्यादा लोगों के सुझाव प्राप्त करने के लिए आगे की रणनीति बना ली है।

इस विषय पर रोहतक में प्रदेश भाजपा के विभागों और प्रकोष्ठों के संयोजकों और सह संयोजकों की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सभी को इस कार्य में जुट जाने के निर्देश दिए और कहा कि भाजपा का लक्ष्य जनता के सपनों के अनुरूप शक्तिशाली और विकसित भारत का निर्माण करना है। इसलिए भाजपा का संकल्प पत्र जनता के सुझावों के अनुरूप ही तैयार किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी मंगलवार को संकल्प पत्र के लिए जनता के सुझाव लेने के कार्यक्रम की शुरुआत कर चुके हैं। पूरे देश में भाजपा ने एक करोड़ लोगों से सुझाव लेने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि जनता सरकार से क्या-क्या अपेक्षाएं रखती है उनको भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। हरियाणा में इस अभियान को सिरे चढ़ाने के लिए पूर्व विधायक एवं पूर्व महामंत्री पवन सैनी प्रकोष्ठों और विभागों के प्रदेश प्रभारी बनाए गए हैं।

नायब सैनी ने कहा कि संकल्प पत्र में लोगों के सुझाव लेने के लिए हरियाणा भाजपा के प्रकोष्ठ और विभाग मिलकर जिला स्तर व विधानसभा पर संगोष्ठियों और सभाओं का आयोजन करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा जनसहयोग से चलने वाली पार्टी है, इसलिए संकल्प पत्र में जनभागीदारी आवश्यक है। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा ने जो कहा है वह करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जिसका शिलान्यास किया उसका उद्घाटन भी किया। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा 370 और एनडीए 470 पार के लक्ष्य को लेकर चल रही है साथ ही वोट प्रतिशत बढ़ाना भी भाजपा का टारगेट है।

संकल्प पत्र के लिए सुझाव अभियान पर प्रकोष्ठों और विभागों के प्रभारी पवन सैनी ने बताया कि भाजपा का संकल्प पत्र एक करोड़ लोगों के सुझावों से बनेगा। देश विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए शासन में आम जनता की भागीदारी जरूरी है। देश की जनता अगले पांच साल में देश को किस रूप में देखना चाहती है, उन्हीं विषयों को भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। लोगों के सपनों को पूरा करना ही भाजपा का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने रोहतक में भाजपा संकल्प पत्र के लिए सुझाव लेने की शुरूआत कर दी है। पवन सैनी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक करोड़ लोगों के सुझाव का लक्ष्य रखा है। लोगों के सुझाव के लिए उन्होंने 1000 वीडियो वैन सभी लोकसभाओं के लिए रवाना कर दी है। ये वीडिया वैन लोकसभाओं में जाकर मोदी की 10 साल की उपलबधियों को तो बताएगी ही, साथ ही लोगों का सुझाव भी लेगी। यह अभियान 15 मार्च तक चलेगा। इन वीडियो वैन का हरियाणा में रूट प्लान भी जल्द तैयार कर लिया जाएगा। पवन सैनी ने बताया कि केंद्र से देश भर में 125 स्थानों पर वरिष्ठ नेता लोकसभाओं में जाएंगे और जनता से सुझाव मांगेंगे तथा मोदी सरकार की उपलबधियों को भी जनता के बीच बताएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में भी दो केंद्रीय मंत्री जनता के बीच आएंगे और लोगों की राय लेंगे।

पवन सैनी ने बताया कि लोगों के सुझाव लेने के लिए पार्टी जिला स्तर पर कार्यशालाएं भी कर रही है। इसके अलावा क्षेत्र के विधायक, मंत्री, जिला अध्यक्ष संकल्प पत्र के प्रमुख विधानसभाओं पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा में लोगों के सुझाव लेने के लिए पेटियों की व्यवस्था भी की जाएगी।


पवन सैनी ने बताया कि जनता के सुझाव हासिल करने के लिए भाजपा ने 9090902024 मोबाइल नंबर मिस्ड काल के साथ ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म और नमो एप पर अलग से प्रावधान किया है। पवन सैनी ने बताया कि मोदी और मनोहर सरकार ने 10 सालों में देश और प्रदेश की तरक्की के लिए काम किया है। दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलते हुए भाजपा ने अंत्योदय की भावना से गरीब कल्याण की नीतियों द्वारा गरीब लोगों के जीवन को बदला है। बैठक में संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, महामंत्री मोहन लाल, महामंत्री अर्चना गुप्ता, महामंत्री सुरेश पूनिया आदि नेता उपर्स्थित थे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# 10 लाख से कम जनसंख्या बावजूद हरियाणा में जिला महानगर विकास प्राधिकरण संभव

**पंचकूला और सोनीपत के बाद हिसार मेट्रोपॉलिटन डेवेलपमेंट अथॉरिटी के लिए विधेयक पारित**

**संविधान के अनुच्छेद 243 (पी) अनुसार महानगर क्षेत्र के लिए न्यूनतम दस लाख जनसंख्या आवश्यक : एडवोकेट हेमंत**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चण्डीगढ़, 28 फरवरी।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन बुधवार 28 फरवरी को अन्य विधेयकों के साथ हिसार मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी ( एच.एम.डी.ए.) बिल, 2024 अर्थात हिसार महानगर विकास प्राधिकरण विधेयक, 2024 भी पारित किया गया. गत माह जनवरी में प्रदेश मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) द्वारा एच.एम.डी.ए. के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी जिसके बाद बजट सत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा उपरोक्त विधेयक सदन में पेश किया गया था.

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट और कानूनी विश्लेषक हेमंत कुमार (9416887788) ने बताया कि गत वर्ष अगस्त, 2023 में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण अधिनियम एस.एम.डी.ए. एक्ट, 2023 हरियाणा विधानसभा द्वारा अधिनियमित किया गया था जिसे 20 सितंबर 2023 को प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की स्वीकृति प्राप्त हुई थी जिसके बाद 3 अक्टूबर 2023 को उक्त कानून को प्रदेश के सरकारी गजट में जनसाधारण के लिए प्रकाशित किया गया. उसके करीब अढ़ाई महीने बाद दिसंबर, 2023 को इस कानून को विधिवत रूप से लागू किया गया था.

उन्होंने बताया कि उससे पूर्व अढ़ाई वर्ष अगस्त, 2021 में प्रदेश विधानसभा के तत्कालीन मानसून सत्र में इसी प्रकार से पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण अधिनियम पी.एम.डी.ए. एक्ट, 2021 भी पारित किया गया था जिसके बाद उसे सितम्बर, 2021 में राज्यपाल की मंजूरी प्राप्त हुई थी जिसके कुछ सप्ताह पश्चात उसे लागू किया गया था.

हिसार महानगर विकास प्राधिकरण ( एच.एम.डी.ए.) का स्वरूप बीते कुछ वर्षो में प्रदेश के 4 अन्य ज़िलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और सोनीपत के लिए अलग अलग कानूनों द्वारा गठित महानगर विकास प्राधिकरण की तर्ज पर ही होगा.

बहरहाल, हेमंत ने बताया कि हालांकि प्रदेश सरकार विधानसभा से कानून बनाकर राज्य के किसी उपयुक्त क्षेत्र के लिए महानगर विकास प्राधिकरण गठित करने के लिए कानूनन सक्षम हैं जैसे सात वर्ष पूर्व 2017 में गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जी.एम.डी.ए. ) एक्ट, 2017, उसके बाद वर्ष 2018 में फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एफ.एम.डी.ए. ) एक्ट, 2018 भी बनाया गया था.

हालांकि वर्ष 2021 में बनाए गए पी.एम.डी.ए. ( पंचकूला) कानून, 2021, वर्ष 2023 में एस.एम.डी.ए. ( सोनीपत) कानून, 2023 और अब विधानसभा के बजट सत्र में पारित होने वाले एच.एम.डी.ए. विधेयक, 2024 के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण कानूनी सवाल यह उठता कि क्या उक्त तीनों जिलों के लिए भी गुरुग्राम और फरीदाबाद की तर्ज पर मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी गठित की जा सकती है क्योंकि वर्तमान में पंचकूला, सोनीपत और हिसार नगर निगम क्षेत्र की आबादी/जनसंख्या 10 लाख से कम है.

हेमंत ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 (पी) में मुनिसिपलिटीज़ (नगर निकाय ) के भाग में महानगर क्षेत्र को परिभाषित किया गया है जिसके अनुसार वह दस लाख या उससे अधिक जनसँख्या वाला क्षेत्र होगा जिसमें एक या अधिक ज़िले हों जो दो या दो से अधिक नगर निकाय और पंचायतों या अन्य संलग्न क्षेत्रों से मिलकर बनता हो एवं जिसे राज्यपाल द्वारा पब्लिक नोटिफिकेशन द्वारा महानगर के रूप में अधिसूचित किया गया हो. हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 2 (29 ) में भी महानगर की उक्त परिभाषा का उल्लेख है.

रोचक बात यह भी है कि पंचकूला, सोनीपत और हिसार तीनो जिलों के महानगर विकास प्राधिकरण के कानूनों की धारा 3, जो महानगर क्षेत्र की घोषणा से सम्बंधित है, में सम्बंधित नगर निगम के अतिरिक्त उस जिले में स्थापित अन्य शहरी निकाय जैसे नगर परिषद अथवा नगरपालिका को उसमें शामिल करने के स्थान पर हालांकि जिले में कोई पंचायत की आबादी देह का उल्लेख किया गया है.

ध्यान देने योग्य यह भी है कि हालांकि आज तक पंचकूला, सोनीपत और हिसार के लिए मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग कमेटी का गठन भी नहीं किया गया जो हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 417 के अनुसार करना कानून आवश्यक है. अब इस सबके दृष्टिगत क्या पंचकूला. सोनीपत और हिसार के लिए महानगर विकास प्राधिकरण का गठन न्यायसंगत है, यह निश्चित तौर पर जांच करने योग्य विषय है. हेमंत का कानूनी मत है कि इस आधार पर अर्थात 10 लाख से कम आबादी/ जनसंख्या होने के कारण पंचकूला, सोनीपत और हिसार के लिए महानगर विकास प्राधिकरण के गठन/ स्थापना को अदालत में चुनौती दी जा सकती है.

# बजट सत्र में विपक्ष के सवालों और अपनी जिम्मेदारी से भागती रही सरकार : हुड्डा

**किसानों की एमएसपी, कर्मचारियों की पेंशन, युवाओं के रोजगार, नागरिकों की सुरक्षा पर चुप रही सरकार- हुड्डा**

**नौकरी नहीं बल्कि डिजिटल लेबर चौक है कौशल निगम, युवा का हो रहा शोषण- हुड्डा**

**कौशल निगम के जरिए पक्की नौकरियों और आरक्षण व्यवस्था का किया जा रहा खात्मा- हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूरे बजट सत्र के दौरान बीजेपी-जेजेपी सरकार विपक्ष के सवालों और अपनी जिम्मेदारी से भागती नजर आई। ना ये सरकार किसानों की एमएसपी, खराबे का मुआवजा, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन, युवाओं के रोजगार, नागरिकों की सुरक्षा, महंगाई से राहत पर कोई माकूल जवाब दे पाई और ना ही ऐसा बजट पेश कर पाई, जिससे कोई उम्मीद जाग सके। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का।

हुड्डा ने कहा कि बार-बार मांग के बावजूद सरकार ने बजट सत्र की अवधि नहीं बढ़ाई। बजट में सरकार ने प्रदेश के विकास को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं की। ऐसा लगता है कि बीजेपी-जेजेपी ने खुद मान लिया था कि ये उसका आखिरी विधानसभा सत्र होगा। इसके बाद दोनों की विदाई तय है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज प्रदेश कानून व्यवस्था की भयंकर चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकार अपराध, बदमाश और गैंगस्टरों पर नकेल कसने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। हरियाणा में हत्या, लूट, डकैती, फिरौती, अपहरण और रेप जैसी वारदातें आम हो गई हैं। इसपर गंभीरता से चर्चा की बजाय सरकार सदन के भीतर 'इसकी टोपी, उसके सिर' खेलती नजर आई।

आज हरियाणा का युवा रोजगार नहीं होने के चलते अपना प्रदेश छोड़कर पलायन कर रहा है। लेकिन सरकार पढ़े-लिखे युवाओं का शोषण करने वाले कौशल निगम की कच्ची नौकरियों को ही बड़ी उपलब्धि मानकर चल रही है। जबकि ये कोई रोजगार नहीं बल्कि दिहाड़ी है, जिसमें काम करने वाले को कर्मचारी नहीं बल्कि दिहाड़ी मजदूर माना जाता है। इसमें युवा को सैलरी नहीं बल्कि नाममात्र मजदूरी दी जाती है। एचएसएससी-एचपीएससी की बजाय डिजिटल लेबर चौक के जरिए कौशल निगम में युवाओं का चयन होता है। पक्की सरकारी भर्ती 58 साल के लिए होती है, जबकि कौशल निगम का ठेका 1 साल के लिए होता है, उसे भी किसी भी पल बीच में खत्म किया जा सकता है। सरकार द्वारा कौशल निगम के जरिए युवाओं का लगातार शोषण, पक्की नौकरियों और आरक्षण व्यवस्था का खात्मा किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा, सड़कों का चौड़ाकरण करते समय बिजली के खंभों को अब ट्रांसमिशन कंपनियां स्वयं अपने खर्चे पर हटाएंगी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 28 फरवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सड़कों का चौड़ाकरण करते समय बीच में आने वाले बिजली के खंभों को अब ट्रांसमिशन कंपनियां स्वयं अपने खर्चे पर हटाएंगी। पहले संबंधित विभाग को बिजली के खंभे हटाने के लिए नोटिस दिया जाता था। उन्होंने एक और घोषणा करते हुए कहा कि सरकार ने आबकारी नीति में प्रावधान किया था कि 1 मार्च से डिस्टलरीज प्लास्टिक की बोतलों की बजाये कांच की बोतलों में शराब की सप्लाई करेगी। लेकिन अब सरकार ने पॉलिसी की अवधि तक इस अनिवार्य प्रावधान को वैकल्पिक कर दिया है, ताकि डिस्टलरीज को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रोपर्टी आईडी की व्यवस्था की केंद्र सरकार ने सराहना की है और इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने 150 करोड़ रुपये की ग्रांट दी है। मनोहर लाल ने कहा कि बजट सत्र के दौरान 7 सिटिंग हुई हैं और सत्र के सुचारू संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

**मुख्यमंत्री ने करनाल के असंध क्षेत्र में 25 करोड़ रुपये की लागत से 10 ओडीआर सडकों के सुधार को दी मंजूरी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने करनाल जिले के असंध में 10 ओडीआर सडकों की विशेष मरम्मत और सुधार के लिए प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इन सडकों पर 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इस संबंध में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि परियोजना के तहत 1.41 करोड़ रुपये की लागत से गांव जलमाना से चकमुंद्रिका गांव तक 2.3 किलोमीटर लंबी सडक् का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दादूपुर संपर्क सडक् के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर 89.41 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसी तरह से गांव राहरा से लालैन तक सडक् के पुनर्निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण पर 2.42 करोड़ रुपये, गांव बस्सी बीर बस्सी- एससी बस्ती की 80 मिमी इंटरलॉकिंग ब्लॉक सडक् के निर्माण पर 72.71 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गांव खेड़ी सरफली से राहरा तक 6.8 किलोमीटर लंबी सडक् के सुदृढ़ीकरण पर 4.80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी तरह से 3.6 किमी तक लंबी गगसीना से ऐंचला सडक् के सुदृढ़ीकरण पर 2.22 करोड़ रुपये, सालवन से डिडवाड़ा तक 3.5 किमी लंबी सडक् के पुनर्निर्माण पर 3.55 करोड़ रुपये, असंध से डेरा गामा तक की सडक् के सुदृढ़ीकरण पर 3.32 करोड़ रुपये, असंध से खिजराबाद तक 4 किलोमीटर लंबी सडक् का सुदृढ़ीकरण पर 3.65 करोड़ रुपये, 1.5 किमी तक लंबी असंध बाई पास (गुरुनानक चौक से ढोल चौक) के सुदृढ़ीकरण पर 2.02 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# राज्य में 6 नर्सिंग कॉलेज सरकारी अस्पतालों में बनाने के लिए दी गई मंजूरी : अनिल विज



**हरियाणा सरकार द्वारा भविष्य में जितने भी मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे उनमें नर्सिंग कॉलेज भी होगा- चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री अनिल विज**

**देश व विदेशों में नर्सों की बहुत ही आवश्यकता- विज**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 28 फरवरी।** हरियाणा के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि ''उनके द्वारा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि भविष्य में जितने भी राज्य सरकार द्वारा मेडीकल कॉलेज बनाए जाएंगे उनमें नर्सिंग कॉलेज भी बनाया जाना चाहिए''। श्री विज आज यहां हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान लगाए गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि देश व विदेशो में नर्सों की बहुत ही आवश्यकता हैं। इसके तहत 6 नर्सिंग कॉलेज सरकारी अस्पतालों में बनाने के लिए मंजूरी प्रदान की गई है कि ताकि नर्सों को वहां पर अच्छी प्रकार से प्रशिक्षित किया जा सके।

श्री विज ने कहा कि नर्सिंग कालेजों की तरफ काफी ध्यान दिया जा रहा है, पहले नर्सिंग कॉलेज एक-एक कमरें में खोले गए थे और इस प्रकार की दुकानें चल रही थी जिन्हें बंद करने का काम किया गया हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग के लिए एक नीति बनाई गई है जिसके तहत कम से कम 100 बिस्तर का एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पताल होना चाहिए या वह कालेज सरकारी अस्पताल के साथ संलग्न होना चाहिए। उन्होंने बताया कि राजकीय नर्सिंग कॉलेज सादत नगर, रेवाडी अभी निर्माणाधीन हैं और निर्माण कार्य 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य पूर्ण होने एवं कालेज भवन चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को हस्तांतरित होने के उपरांत कक्षाएं शुरू कर दी जाएगी। श्री विज ने कहा कि कालेज निर्माण के संबंध हुई देरी के बारे में पूछा जाएगा कि कॉलेज निर्माण में देरी क्यों हुई। उन्होंने कहा कि अभी इस कॉलेज का 12 प्रतिशत कार्य शेष है और उसके बाद फर्नीचर इत्यादि का कार्य भी होना है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि भिवानी का चिकित्सा महाविद्यालय राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के अधीन/उपरांत मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शुरू होने की संभावना है। इसके पश्चात दाखिले आरंभ कर दिये जाएंगे और कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

# सदन में भाजपा सरकार जितने बिल लाती है उतने ही घोटाले साथ लेकर आते हैं : अभय सिंह चौटाला



**कहा सरकार ने स्वयं माना है कि सहकारिता विभाग में यह घोटाला 100 करोड़ रूपए से उपर का है और अकेले मंत्री के जिले में 22 करोड़ रूपए का मामला है**

**फर्जी सोसाइटियां बना करके गोदाम बनाने के नाम पर पैसा खाने का काम किया गया**

**नरेश गोयल का इस घोटाले में नाम आ रहा है वो 2014 से इसी पद पर है और वो ही दस्तखत करने की अथॉरिटी है, उसके हस्ताक्षर से ही पैसा निकलता है, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि वो संघ का आदमी है**

**ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर प्रश्न पूछे मंत्री यह बताएं कि इतने सालों से इसका ऑडिट क्यों नहीं हुआ? किस कारण से ऑडिट नहीं करवाया गया? जो सिग्नेचर अथॉरिटी है उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? अगर कोई कार्रवाई नहीं की तो क्यों नहीं की? उस व्यक्ति को क्यों बचाया जा रहा है?**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 28 फरवरी।** बजट सत्र के दौरान सदन में सहकारी परियोजना घोटाले पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए इनेलो प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि सहकारिता मंत्री के जवाब से यह स्पष्ट लगता है कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों को बचाना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी भ्रष्टाचार में शामिल जिन अधिकारियों को जेल जाना पड़ा और जैसे ही वो जमानत पर आए तुरंत बहाल कर दिए गए और उन्हें अच्छी पोस्टों पर लगा दिया गया।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि सरकार ने स्वयं माना है कि यह घोटाला 100 करोड़ रूपए से उपर का है और अकेले मंत्री के जिले में 22 करोड़ रूपए का मामला है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले में बड़ी बात यह है कि किसी भी कोऑपरेटिव सोसाइटी से यह नहीं पूछा गया कि आपके यहां पर गोदाम बना दिए जाएं। किसी से जगह नहीं मांगी गई। अपनी मनमर्जी से फर्जी सोसाइटियां बना करके गोदाम बनाने के नाम पर पैसा खाने का काम किया गया। जिस नरेश गोयल का इस घोटाले में नाम आ रहा है वो 2014 से इसी पद पर है और वो ही दस्तखत करने की अथॉरिटी है, उसके हस्ताक्षर से ही पैसा निकलता है। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि वो संघ का आदमी है।

मंत्री ने सदन में कहा है कि उन्होंने थोड़े दिन पहले ही ऑडिट के लिए एजेंसियों को लिखा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सभी सरकारी विभागों में ऑडिट होता है और मंत्री से पूछा कि आपको इस बात की भी जानकारी नहीं है कि आपके विभाग में ऑडिट हो रहा है या नहीं? सरकार अपने 10 साल के कार्यकाल की जानकारी तो दे नहीं पा रहे कि कितना पैसा खा गए। उपर से केवल लिपा पोती के लिए एक और आदेश जारी किया है कि अब 1995 से लेकर अब तक का ऑडिट करवाएंगे।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जब जब विधानसभा का सत्र आया है उसमें सरकार जितने बिल लाती है उतने ही घोटाले साथ लेकर आते हैं। बिलों को तो बहुमत से पास कर दिया जाता है, लेकिन घोटालों पर आज तक कोई जांच नहीं हुई।

उन्होंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर प्रश्न पूछा कि मंत्री यह बताएं कि इतने सालों से इसका ऑडिट क्यों नहीं हुआ? किस कारण से ऑडिट नहीं करवाया गया? जो सिग्नेचर अथॉरिटी है उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? अगर कोई कार्रवाई नहीं की तो क्यों नहीं की? उस व्यक्ति को क्यों बचाया जा रहा है? उन्होंने कहा कि इस मामले में केवल नीचे वाले कर्मचारियों को फंसाया जा रहा है। जो लोग इसमें शामिल हैं उनके नाम उजागर किए जाएं।

# मुख्यमंत्री का अहंकारपूर्ण बयान, देश में वर्ष 2050 तक भाजपा सरकार : लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही? : विद्रोही

**लोकतंत्र व संविधान पर इतने बडे खतरे को जनता व सभी विपक्षी दलों को गंभीरता से लेना होगा : विद्रोही**

**कांग्रेस नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लडकर आज से 77 वर्ष पूर्व देश को आजाद करवाके भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक देश बनाया : विद्रोही**



**समाचार गेट ब्यूरो**

हरियाणा व देश में वर्ष 2050 तक भाजपा सरकार रहने के विधानसभा में मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के दावे पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह अहंकारपूर्ण बयान बताता कि अब भारत में लोकतंत्र के दिन गिनेचुने ही बचे है। विद्रोही ने कह कि लोकतंत्र में हर पांच साल बाद मतदाता जनादेश के माध्यम से सरकार चुनता है। यदि कोई दल यह सोचता है कि उसकी सरकार वर्ष 2050 से पहले जाने वाली नही है, इसका तो यही अर्थ होता है कि ऐसा दावा करने वाले लोकतंत्र के नाम पर ऐसी तानाशाही लाना चाहते है कि मतदाता के चाहने या न चाहने पर भी उनकी हार संभव न हो। यह बताता है कि भाजपा लोकतंत्र के नाम पर संघी फासीजम देश पर लादना चाहती है। जिस तरह हिमाचल प्रदेश व उत्तप्रदेश में भाजपा ने अपार कालेधन व सत्ता दुरूपयोग से क्रॉस वोटिंग के माध्यम से एक-एक राज्यसभा सीट अपनी संख्या से अधिक जीती है, वह टेलर बताता है कि भविष्य में लोकतंत्र के नाम पर किस तरह से चुनाव होने वाला है।

विद्रोही ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का विधानसभा में 2050 तक सत्ता में बने रहने का बयान साफ संकेत दे रहा है कि भारत में लोकतंत्र व संविधान पर कितना बडा खतरा मंडरा रहा है। लोकतंत्र व संविधान पर इतने बडे खतरे को जनता व सभी विपक्षी दलों को गंभीरता से लेना होगा। इसमें भी सबसे बडी जिम्मेदारी प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की है। कांग्रेस को यदि लोकतंत्र व संविधान को बचाने की लडाई लडनी है तो सबसे पहले कांग्रेस को गंभीरता से अपने खुद के घर को ठीक करना होगा। आज जिस तरह से कांग्रेसी गुटबाजी व निजी महत्वकांक्षा के चलते कांग्रेस को ही कमजोर कर रहे है, यदि इस पर कांग्रेस नेतृत्व ने कडाई से लगाम नही कसी तो लोकतंत्र व संविधान बचाने की लडाई एक सपना मात्र बनकर रह जायेगी।

विद्रोही ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस तरह भारी कुर्बानी देकर व कांग्रेस नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लडकर आज से 77 वर्ष पूर्व देश को आजाद करवाके भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक देश बनाया है, उसी लोकतंत्र पर बहुत बडा खतरा मंडरा रहा है। कांग्रेसी उस खतरे का तभी मुकाबला कर सकते है, जब वे निजी स्वार्थो, महत्वकांक्षा की लडाई छोडकर एकजुटता से कांग्रेस को मजबूत करके जनता को लामबद्ध करके लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए लडे। विद्रोही ने कहा कि यदि कांग्रेस नेताओं ने गुटबाजी, निजी स्वार्थ, महत्वकांक्षा की राजनीति नही छोडी तो खुद कांग्रेस को व देश के लोकतंत्र को विनाश की ओर धकेलने के वे ही दोषी होंगे।